




# ALIVE NEWS

अलाईव न्यूज

खबर वही, जो जिंदा रहे!

Any Enquiry Cont. : 0129-4070270







Vol. 13 Issue No. 12 Faridabad (NCR) Tuseday, 16-31 July 2024 Rate : 5 /- RNI No. : HARBIL/2012/45536 Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 

## पहला कॉलम



### कांवड़ रूट पर एटीएस तैनात, ड्रोन से निगरानी

**- 2 अगस्त तक स्कूल-कॉलेज बंद**

**मुजफ्फरनगर ।** किसानों से 10 हजार करोड़ की लूट, उन्नत बीज के नाम पर घटिया बीज, जिसमें 50 प्रतिशत हिस्सा मंत्री-अधिकारियों का- जीतू पटवारी यूपी में कांवड़ रूट पर एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड तैनात की गई है। लखनऊ से एटीएस कमांडो बख्तरबंद गाडियों से शनिवार दोपहर मुजफ्फरनगर पहुंचे। उन्होंने कांवड़ रूट पर सिक्योरिटी व्यवस्था को जांचा-परखा। स्थानीय खुफिया विभाग भी ड्रोन कैमरे से कांवड़ रूट की निगरानी कर रहा है। मुजफ्फरनगर एसएसपी अभिषेक सिंह ने बताया कि हरिद्वार से करीब 5 करोड़ कांवड़िए जल उठाते हैं। करीब ढाई करोड़ कांवड़िए मुजफ्फरनगर होकर जाते हैं। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी से कांवड़िए शहर के शिव चौक में परिक्रमा करके आगे बढ़ते हैं। इस बार कांवड़ यात्रा सेंसिटिव है, लिहाजा किसी भी हमले की आशंका के चलते कमांडो तैनात किए हैं। इधर, भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर मेरठ, हापुड़, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, गाजियाबाद में 2 अगस्त तक स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है।

### भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का देश ही नहीं विदेशों में भी जलवा

**नई दिल्ली।** करोड़ों लोगों की जिंदगी में बदलाव लाने वाला भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) विदेशों में भी जलवा दिखाएगा। केंद्र की ओर से केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने संसद को बताया कि डिजीलॉकर के 30 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं और 675 करोड़ से ज्यादा दस्तावेज उसकी मदद से जारी किए जा चुके हैं। राज्य मंत्री ने कहा कि सिर्फ जून में यूपीआई से 1,388 करोड़ वित्तीय लेनदेन पूरे किए गए। बायोमैट्रिक और डेमोग्राफिक आधारित यूनिक डिजिटल आईटी आधार अब तक करीब 138 करोड़ लोगों को जारी हो चुके हैं। भारत की ओर से दुनिया के 10 देशों में इन डिजिटल सॉल्यूशंस को लागू करने के लिए एमओयू हो चुके हैं। इसमें आर्मेनिया, सिएरा लियोन, सूरीनाम, एंटीगुआ और बारबुडा, पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद और टोबैगो, तंजानिया, केन्या, क्यूबा और कोलंबिया शामिल है। मंत्री की ओर से बताया गया कि इंडिया स्टैक ग्लोबल को विकसित करने का मकसद भारत के डीपीआई सफलता को वैश्विक मंच पर ले जाना। भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 सम्मेलन 2023 में ग्लोबल डीपीआई रिपॉजिटरी (जीडीपीआईआर) पोर्टल को डिजाइन, विकसित और पेश किया गया है। आरबीआई की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में डिजिटल पेमेंट में सालाना आधार पर 12.6 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है। आरबीआई डिजिटल पेमेंट्स इंडेक्स (आरबीआई-डीपीआई) मार्च 2024 में बढ़कर 445.5 रहा है, जो कि सितंबर 2023 में 418.77 था और मार्च 2023 में 395.57 था।

### चेन्नई से दिल्ली का हवाई किराया 99 हजार....सांसद और बिरला हैरान

**नागर विमानन केंद्रीय मंत्री नायडू से जांच को कहा**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बेहद सख्त अंदाज में दिखे। पहले उन्होंने एक मंत्री को संसद के कायदे समझा दिए। वहीं इसके बाद डीएमके सांसद की एक शिकायत पर उन्होंने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री को सख्त हिदायत दे डाली। दरअसल डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने विमान किराये में हो रहे झोल के बारे में बताया, तब स्पीकर ओम बिरला भी हैरान हुए। उन्होंने नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू से कहा कि वे इसकी जांच कराएं, क्योंकि पैसा संसद से जाता है जो चिंता की बात है। वहीं बिरला के कहने पर मंत्री नायडू ने कहा कि वे शिकायत की जांच कराएंगे। दरअसल प्रश्नकाल के दौरान नागर विमानन मंत्रालय से जुड़ा पूरक प्रश्न पूछकर डीएमक सांसद मारन ने एक निजी विमानन कंपनी का जिक्र कर ज्यादा किराए का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चेन्नई से दिल्ली की एक उड़ान का टिकट बुक कराते समय किराया पहले करीब 33 हजार रुपये दिखाया गया और जब भुगतान करने का प्रयास हुआ तब दिक्कत आ गई और कुछ देर बाद विमानन कंपनी द्वारा किराया तीन गुना तक अधिक दिखाया जाने लगा। सांसद मारन ने इस संबंध में विमानन कंपनी के सॉफ्टवेयर के काम करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाया। इस पर बिरला ने कहा, मंत्री जी, सदस्य ने गंभीर विषय उठाया है। इसकी जांच होनी चाहिए। कई सदस्यों ने इसकी शिकायत की है। इसका (सांसदों के हवाई किराये का) पैसा संसद से जाता है, इसकारण हमें चिंता है। इस पर नायडू ने कहा, 'हम इसकी जांच कराएंगे।



## अगले माह स्पेस स्टेशन पर भारत का गगनयात्री रखेगा कदमः मंत्री जितेंद्र सिंह

**New Delhi/Agency**

अपने अंतरिक्ष अनुसंधानों में कई उपलब्धियां हासिल कर चुका भारत अब जल्द ही अंतरिक्ष में चहलकदमी करने जा रहा है। इस आशय की जानकारी लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दी है।भारत के अंतरिक्ष मिशन को लेकर उन्होंने कहा कि इसरो का गगनयात्री जल्द ही अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का सफर करने वाला है। लोकसभा में एक लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी अमेरिकी का अंतरिक्ष एजेंसी नासा के साथ मिलकर मिशन लॉन्च करने वाला है। इस मिशन में भारत का एक अंतरिक्षयात्री भी जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी अगस्त में अंतरिक्षयात्री को भेजा जा सकता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि जिन चार पायलटों को मिशन गगनयान के लिए चुना गया था उन्हें अंतरिक्ष यात्रा की ट्रनिंग दी गई है। फिलहालल उनकी ट्रेनिंग अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण केंद्र में चल रही है। गगनयान मिशन के भी दो चरणों की तैयारी पूरी हो चुकी है। जिस रॉकेट से गगनयान को लॉन्च किया जाएगा उसका भी निर्माण कार्य चल रहा है। बता दें कि लोकसभा में टीएमसी सांसद सौगत राय ने अंतरिक्ष मिशन को लेकर सवाल पूछा था।

बता दें कि इसरो गगनयान प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहा है। इस मिशन के तहत भारत के तीन अंतरिक्षयात्रियों को स्पेस में भेजा जाएगा। अंतरिक्षयात्रियों का चयन करके उनकी ट्रेनिंग करवाई जा रही है। उम्मीद है कि 2025 में यह मिशन लॉन्च होगा। गगनयान पृथ्वी की 400 किलोमीटर की कक्षा में तीन दिन तक चक्कर लगाएगा और इसके बाद इसे सुरक्षित पृथ्वी पर उतारा जाएगा। भारत पहले भी चंद्रयान और मंगलयान मिशन के जरिए दुनियाभर को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में लोहा मनवा चुका है। वहीं गगनयान मिशन भारत उन गिने चुने देशों की पंक्ति में खड़ा कर देगा जो कि इंसान को अंतरिक्ष में भेजने में कामयाब हुए हैं। यह नासा, एक प्राइवेट कंपनी और इसरो के बीच का एक संयुक्त मिशन है।

## गुरुग्राम से पकड़ाए साइबर ठग लोगों से ठगा रुपया हांगकांग तक पहुंचाते थे

**- सीबीआई, एफबीआई और इंटरपोल एजेंसियां कर रहीं जांच**

**New Delhi/Alive News**

सीबीआई ने साइबर ठगी के 43 आरोपियों को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया था। इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में शनिवार को सुनवाई होनी है। विगत दिवस कोर्ट ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। आरोपियों ने अपनी गिरफ्तारी के मामले को कोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर सुनवाई होनी है। ये आरोपी गुरुग्राम में बैठकर विदेशी नागरिकों को निशाना बनाकर ठगी करते थे। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-2 के तहत 43 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है, आरोप है कि वे सभी गुरुग्राम में कॉल सेंटर चलाते हैं और यहीं से विदेशी नागरिकों को ठगते हैं। ऑनलाइन क्राइम करने वाला यह अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड सिंडिकेट है। सीबीआई ने इस सिंडिकेट के खिलाफ 2022 से देश में चल रहे साइबर फाइनेंशियल क्राइम नेटवर्क को पकड़ने के मकसद से ऑपरेशन चक्र शुरू किया था। सीबीआई ने 22 जुलाई 2024 में केस दर्ज कर जांच शुरू की। जांच में कई देशों की एजेंसियां एफबीआई और इंटरपोल भी शामिल हैं। जांच पड़ताल में सीबीआई ने दिल्ली और साइबर सिटी गुरुग्राम में साल जगह छापेमारी की थी।

साइबर ठगी के इन आरोपियों के पास से 130 कंप्यूटर हार्ड डिस्क, 65 मोबाइल फोन और पांच लैपटॉप बरामद किए थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में पीड़ितों के दस्तावेज, कॉल रिकॉर्डिंग और ट्रांसक्रिप्ट बरामद की गई। जांच में ये भी पता चला है कि इस साइबर क्राइम से होने वाली आमदनी का हिस्सा कई देशों से हवाला और अन्य तरीकों से हांगकांग तक पहुंचाया जाता था। सीबीआई इन सभी पहलू पर जांच कर रही है।

## सावधान.........यूपी, राजस्थान, कोंकण-गोवा और गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश का अलर्ट

**अगले चार दिन यूपी, राजस्थान के लिए बहुत भारी**

**New Delhi/Agency**

देश के कई हिस्सों में बारिश से गंभीर हालात बन हुए हैं। कही बाढ़ और भूस्खलन के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 17 दिन के ब्रेक के बाद मानसून फिर से आगरा के रास्ते पहुंच गया है। यूपी में 30 जुलाई तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इधर,गुजरात के भी कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 2700 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में 2200 लोग नवसारी और 500 लोग तापी जिले के हैं। उत्तराखंड में भारी बारिश से यमुनोत्री धाम के दोनों गर्मकुंडों में मलबा भर गया है। मंदिर का ऑफिस, रसोई टूट गई है, मंदिर तक जाने वाला पैदल पुल भी बह गया है।

भारी मलबा और बोल्डर से यमुनोत्री मंदिर को भी नुकसान हुआ है। जानकीचट्टी-यमुनोत्री पैदल मार्ग पर राममंदिर के निकट रजिस्ट्रेशन केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों को भागकर जान बचानी पड़ी।

**आगे कैसा रहेगा मौसम...**

28 जुलाई को पूर्वी राजस्थान, कोंकण-गोवा और गुजरात में भारी से बहुत भारी बारिश (12 सेमी से ज्यादा) की चेतावनी दी गई है।

हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी



राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़, उपहिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, केरल और इंटीरियर कर्नाटक में भारी बारिश (7 सेमी तक) का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में अगले चार-पांच दिन लगातार बारिश का दौर रहेगा। राजस्थान में अब तक 185.3 एमएम औसत बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 1 फीसदी कम है।

## असम में बनेगा तीसरा रक्षा गलियारा, राजनाथ सिंह ने दिलाया भरोसाः सीएम सरमा

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि राज्य में तीसरा रक्षा गलियारा बनने जा रहा है। इस सबंध में खुद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्हे भरोसा दिलाया है। सरमा ने हाल ही में दिल्ली की अपनी यात्रा के दौरान राजनाथ सिंह से मुलाकात की थी। उन्होंने यहां मीडिया से कहा, हमारा लक्ष्य असम में तीसरा (रक्षा गलियारा) लाना है। सेमीकंडक्टर के साथ-साथ हम असम को विमान, हेलीकॉप्टर, मिसाइल और अन्य हथियार प्रणालियों के निर्माण के लिए एक केंद्र के रूप में स्थापित करेंगे। असम के सीएम ने कहा कि रक्षा गलियारे की स्थापना का प्रस्ताव विचार अग्रिम चरण में है, लेकिन इसकी संवेदनशीलता के कारण इसमें कुछ समय लग सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 23 जुलाई को लोकसभा में पेश केंद्रीय बजट 2024-25 पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए सरमा ने कहा कि पहली बार केंद्रीय बजट में स्वीकार किया गया है कि असम की बाढ़ देश के बाहर से आने वाले पानी के कारण होती है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक समर्थन देने की अपनी तत्परता की घोषणा की है।सरमा ने राष्ट्रीय राजधानी की अपनी यात्रा के दौरान निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की और गुवाहाटी के पास एक सैटेलाइट टाउनशिप के लिए फंडिंग, नामरूप में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन का विस्तार और इसकी चौथी इकाई के चालू होने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बोंगाईगांव रिफाइनरी और लेपटकाटा में ब्रह्मपुत्र क्रैकर एंड पॉलीमर लिमिटेड (बीसीपीएल) के विस्तार पर भी चर्चा हुई। सरमा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ अपनी बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने मंत्री से राम मंदिर के तीर्थयात्रियों के लिए गुवाहाटी से एक विशेष ट्रेन सेवा शुरू करने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, असम एक लाख तीर्थयात्रियों को अयोध्या भेजने की योजना बना रहा है।

## संसद में बताया.....5 साल में विदेशों में करीब 633 भारतीय छात्रों की मौत

**सबसे ज्यादा मौंते 172 कनाडा में हुई**

**New Delhi/Agency**

विदेशों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के लिए एक चिंताजनक खबर सामने आई है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, पिछले पांच सालों में 41 देशों में करीब 633 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। सबसे ज्यादा 172 मौतें कनाडा में हुई हैं। इसकी जानकारी सांसद कोडिक्कुन्निल सुरेश के एक सवाल पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने दी। विदेश मंत्री ने बताया कि कनाडा में सबसे ज्यादा 172 भारतीय छात्रों की मौत हुई है। उसके बाद अमेरिका में 108 छात्रों ने दम तोड़ा। ब्रिटेन में 58, ऑस्ट्रेलिया में 57, रूस में 37 और जर्मनी में 24 छात्रों की मौत हुई है। हालांकि, विदेशों में भारतीय छात्रों पर हिंसक हमलों के बारे में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय मिशन/पोस्ट के पास मौजूद आंकड़ों से हाल में विदेश गए भारतीय छात्रों के खिलाफ हिंसा में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

**हिंसक हमलों में 19 छात्रों ने गंवाई जान**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि विदेशों में हिंसक हमलों में 19 छात्रों ने जान गंवाई है। कनाडा में सबसे ज्यादा 9 छात्रों की मौत हुई है। उसके बाद अमेरिका में 6 और ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, चीन और किर्गिस्तान में एक-एक छात्र की जान गई है। हाल ही में, दुनिया भर के देशों से फंसे भारतीय छात्रों को वंदे भारत मिशन, ऑपरेशन गंगा (यूक्रेन) और ऑपरेशन अजय (इजराइल) के माध्यम से भारत लाया गया था।

**विदेश में अभी इतने भारतीय छात्रा कर रहे पढ़ाई**

विदेशों में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या 2024 में 1.33 मिलियन है। पिछले तीन वर्षों में विदेशों में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2022 में यह संख्या 0.75 मिलियन थी जो 2023 में बढ़कर 0.93 मिलियन हो गई और अब 1.33 मिलियन है। इस साल 1 जनवरी तक 101 देशों में हायर एजुकेशन हासिल कर रहे 13.35 लाख भारतीय छात्रों के बारे में एमईए की ओर से आंकड़ा पेश किया गया।

## बजट के बाद.........7269 रुपये तक गिरे सोने के दम

**New Delhi/Agency**

बजट के बाद से ही दिल्ली-एनसीआर सहित देश के सभी बड़े शहरों में सोने के रेट में गिरावट देखी जा सकती है। मोदी सरकार ने बजट में गोल्ड के इम्पोर्ट पर कस्टम ड्यूटी घटाने के ऐलान किया था। इसके बाद 6 दिन में गोल्ड के रेट में करीब 7269 रुपये तक की गिरावट आ चुकी है। हम आपको कुछ शहरों में 24 और 22 कैरेट गोल्ड का रेट बता रहे हैं। लेकिन रेट जानने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि 1 तोला सोना 10 ग्राम के बराबर होता है। दिल्ली में 22 कैरेट का 1 तोला सोना 64200 रुपये का है। यहां 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 67410 रुपये है। फरीदाबाद में आपको 22-24 कैरेट का गोल्ड दिल्ली वाले रेट पर ही मिलेगा। पटना में 22 कैरेट वाला गोल्ड 64900 रुपये का है। यहां 24 कैरेट का गोल्ड 68150 रुपये का मिल रहा है। कानपुर और लखनऊ में भी गोल्ड का रेट दिल्ली के बराबर ही है। इंदौर में 22 कैरेट गोल्ड का रेट 64100 रुपये है। यहां 24



कैरेट गोल्ड का रेट 6731 रुपये है। कैरेट किसी ज्वेलरी का वजन या सोने की शुद्धता को दर्शाने वाला यूनिट है। कैरेट से साफ होता है कि उस धातु में किसी और धातु का कितना मिश्रण है। जैसे 24 कैरेट गोल्ड को सबसे शुद्ध माना जाता है। इसमें कोई और धातु मिश्रित नहीं होती है। हालांकि, प्योर गोल्ड बहुत जल्दी टूट जाता है,इसकारण इस थोड़ा मजबूत बनाने के लिए इसमें अन्य धातु जोड़ी जाती हैं। इसलिए अधिकांश गोल्ड ज्वेलरी 22 कैरेट गोल्ड से बनाती हैं।

## नीट के रिवाइज्ड रिजल्ट से टूटे सपने, 415 छात्र फेल करार

**-नीट टापरों की संख्या 61 से घटकर 17 हुई**

**New Delhi/Agency**

नीट मामले की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के अदोशानुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी किया गया। इस रिजल्ट के बाद 415 छात्र फेल करार दिए गए हैं। दरअसल ये छात्र नीट के मिनिमम क्वालिफाइंग स्कोर 162 से नीचे हो गए हैं। पहले यही छात्र पास हुए थे लेकिन रिवाइज्ड रिजल्ट में इन्हें फेल घोषित कर दिया गया है। यहां बताते चलें कि प्रश्न संख्या 19 जो कि विवादित प्रश्न था उसके 5 अंक काटे गए हैं। इसके बाद इन छात्रों के अंक कम हुए और ये नीट के मिनिमम क्वालिफाइंग मार्क्स 162 अंकों से भी पीछे रह गए। प्रश्न 19 के सही उत्तर संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से करीब 4.20 लाख छात्रों के 5-5 अंक घटाए गए हैं। इससे नीट क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या जो 1316268 थी से घटकर 1315853 हो गई। यहां यह भी बतलाते चलें कि रिवाइज्ड रिजल्ट के कारण मिनिमम क्वालिफाइंग कटऑफ जो पहले 164 अंक थी वह भी घटकर 162 हुई है। इसी प्रकार ओबीसी एससी और एसटी श्रेणियों के लिए पहले 163-129 थी जो कि रिवाइज्ड रिजल्ट के बाद 161-127 हो गई है। इसी के साथ बड़ी खबर यह है कि नीट टॉपरों की जो संख्या पहले 61 थी वह घटकर 17 हो गई है। दरअसल रिवाइज्ड रिजल्ट में 44 टॉपरों के अंक 720 से घटकर 715 हो गए हैं। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा रद्द कर दोबारा कराए जाने वाली याचिका को खारिज करते हुए अपना फैसला सुनाया था। नीट के रिवाज्ड रिजल्ट के अनुसार नीट रैंक वन (टापरों) में मृदुल मान्य आनंद, दिल्ली। आयुष नौगरैया, उत्तर प्रदेश। माजिन मंसूर, बिहार। प्रचिता, राजस्थान। सौरव, राजस्थान। दिव्यांश, दिल्ली। गुनमय गर्ग, पंजाब। अर्घ्यदीप दत्ता, पश्चिम बंगाल। शुभान सेनगुप्ता महाराष्ट्र।



आर्यन यादव उत्तर प्रदेश। पलांशा अग्रवाल, महाराष्ट्र। रजनीश पी, तमिलनाडु। श्रीनंद शर्मिल, केरल। माने नेहा कुलदीप, महाराष्ट्र। तैजस सिंह, चंडीगढ़। देवेश जोशी, राजस्थान और इरम क़ाज़ी, राजस्थान के नाम हैं।




# ज्योतिष में है भविष्य

**पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है।**

ज्योतिष ग्रहों को जानने की एक प्राचीन विद्या है। यह हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा प्रदत्त एक ज्ञान है। ज्योतिष ग्रहों की गणितीय गणना है। ज्योतिष का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति को अपनी अनुकूल और प्रतिकूल स्थिति का ज्ञान हो जाता है, जिससे वह उसके अनुसार कार्य करता है तो विपरीत परिस्थितियों में भी उसे संबल मिलता है। पृथ्वी से कई प्रकाश वर्ष दूर ग्रहों का मानव पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इसका अध्ययन ज्योतिष में किया जाता है। ज्योतिष के द्वारा ज्ञात हो सकता है कि कौन से ग्रह उस पर अच्छा प्रभाव डालेंगे और कौन से ग्रह बुरा। हर ग्रह का अपना एक तत्व होता है उस तत्व के द्वारा उस ग्रह के बुरे प्रभाव को खत्म किया जा सकता है। वर्तमान में ज्योतिष एक संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है। इस विद्या में कंप्यूटर के प्रयोग से ज्योतिष का क्षेत्र सरल एवं व्यापक हुआ है। भारत में ज्योतिष से संबंधित लगभग 1800 वेबसाइट्स हैं। विदेशों में ज्योतिष से संबंधित लगभग 2 लाख से अधिक वेबसाइट्स हैं। युवा ज्योतिष विद्या का अध्ययन कर इसमें भी कैरियर बना सकते हैं। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विनायक पांडे के अनुसार ज्योतिष वर्तमान में एक अच्छे कैरियर क्षेत्र के रूप में उभरा है। कई युवा इस प्राचीन भारतीय विद्या के बारे में जानने-समझने को उत्सुक हैं। अभी इस विद्या का पूर्ण और सही ज्ञान रखने वालों की भारत में अभी भी कम है।

उन्होंने बताया कि ज्योतिष के दो प्रकार होते हैं- 1. सिद्धांत ज्योतिष और 2. फलित ज्योतिष। सिद्धांत ज्योतिष के अंतर्गत पंचांग आदि का निर्माण शामिल है। इसका अध्ययन कर युवा खुद स्वरोजगार स्थापित कर सकते हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। फलित ज्योतिष के अंतर्गत भविष्य देखना, पत्रिका बनाना, ग्रहजन्य पीड़ा, निदान आदि का अध्ययन किया जाता है।

डॉ. पांडे कहते हैं कि ज्योतिष में रुचि रखने वाले युवा ज्योतिष में डिप्लोमा कर सकते हैं। 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद आप किसी भी विषय में स्नातक की पढ़ाई के साथ यह डिप्लोमा कर सकते हैं। यह डिप्लोमा कोर्स तीन वर्षीय है। पहले साल में उत्तीर्ण होने पर प्रमाण-पत्र दिया जाता है। दूसरे वर्ष में डिप्लोमा और तीसरे वर्ष में एडवांस डिप्लोमा होता है। यह युवाओं के लिए उभरता हुआ कैरियर क्षेत्र है। ज्योतिष के साथ में आध्यात्मिक जुड़ाव भी होना चाहिए।

# इंटरव्यू की खास बातें

**आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।**



कहते हैं फर्स्ट इंप्रेशन इज़ लास्ट इंप्रेशन। किसी जॉब के लिए इंटरव्यू देते समय आपको इन्हीं बातों का ध्यान रखना पड़ता है। आप इंटरव्यू में अपने आपको सही तरीके से प्रस्तुत करेंगे तो आपको जॉब मिलने में आसानी होगी। आइए जानते हैं कुछ इंटरव्यू टिप्स, जिन्हें अपनाकर आप इंटरव्यू में सफल हो सकते हैं। समय से पहले न पहुचें- समय से पहले पहुंचने पर इंटरव्यूअर पर आपके प्रति नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। समय का पाबंद रहना अच्छा गुण है। इस बात का ध्यान रखें कि आप न देर से पहुंचे और न समय से पहले पहुंच कर वहां खाली बैठे रहें। कुछ हायरिंग मैनेजरों को कैंडिडेट्स का बिना वजह खाली बैठे रहना पसंद नहीं आता।

हरेक गतिविधि पर नजर- इंटरव्यू देते वक्त आपका ध्यान सिर्फ उसी पर रहता है। इंटरव्यूअर आपसे सवाल-जवाब करने के दौरान आपकी प्रत्येक हलचल पर ध्यान रखता है। कई कंपनियों में तो कैंडिडेट्स के व्यवहार को देखने के लिए रिसेप्शन पर कैमरे तक लगाए जाते हैं। हायरिंग मैनेजर इन कैमरों से यह देखते हैं कि आप रिसेप्शनिस्ट और दूसरे इंटरव्यू देने आए प्रतिभागियों से कैसा व्यवहार कर रहे हैं। बातों को बढ़ा-चढ़ाकर न बोलें- इंटरव्यू के दौरान अनावश्यक न बोलें। आपसे जो सवाल किया जाए, उसी का सीधे तरीके से जवाब दें। कई लोगों की आदत जरूरत से ज्यादा बोलने की होती है। इंटरव्यूवर को इस बात से सख्त नफरत होती है कि आप उसके सवाल का जवाब देने की बजाय इधर- उधर की बातें करें। अगर आप फालतू की बात करेंगे तो यही माना जाएगा कि आपको कुछ पता नहीं है। सकारात्मक जवाब- इंटरव्यू के दौरान अपने पॉजीटिव एटीट्यूट को प्रदर्शित करें। इंटरव्यू के दौरान आपसे चाहे जितने नकारात्मक प्रश्न पूछे जाएं, आप उनका जवाब पॉजीटिव ही दें। इंटरव्यू के दौरान ज्यादा कम्फर्टेबल और फ्रेंडली होने का प्रयास भी न करें। अपने इंप्लोयर की न करें आलोचना- आप अपने वर्तमान जॉब से चाहे कितने ही असंतुष्ट क्यों न हों, लेकिन इंटरव्यू के दौरान अपने इंप्लोयर की किसी भी तरह की आलोचना न करें। अगर आप ऐसा करते हैं तो इंटरव्यू पैनल में आपके बारे में गलत संदेश जाएगा।

**प्रचलित चिकित्सा पद्धति के नुकसान के चलते जहां लोगों में आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा का प्रचलन बढ़ रहा है वहीं कुछ वर्षों से योग के प्रति भी लोगों का रुझान तेजी से बढ़ा है। यदि कोई व्यक्ति योग शिक्षक बनना चाहता है तो उसे योग की तमाम अपेक्षित जानकारी होनी चाहिए।**

# योग में संवारे कैरियर



इस क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। योग शिक्षा और प्रशिक्षण के बाद आप स्वयं योग-कक्षाएं लगा सकते हैं। इसके लिए सिर्फ आपके पास साफ-सुथरा स्थान तथा स्वस्थ माहौल होना चाहिए। खुली जगह सर्वोत्तम रहती है। यदि मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षण लिया है तो आप स्कूल, कॉलेज में भी कक्षाएं ले सकते हैं। चिकित्सक और शोधकर्ता के रूप में आप रोगों तथा विकारों के संबंध में कार्य कर सकते हैं। योग में अनेक क्षेत्र हैं, लेकिन दो प्रमुख क्षेत्र हैं -1. अध्यापन और अनुसंधान तथा 2. रोगों का उपचार। जहां तक रोगों के उपचार का संबंध है, योग मन और शरीर- दोनों का इलाज करता है। किंतु यह जानना जरूरी होता है कि किस आसन और प्राणायाम से कौन-सा रोग ठीक होता है। इसके लिए विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षाएं लगाई जाती हैं, जहां उन्हें विभिन्न आसन और योग के अन्य पहलू सिखाए जाते हैं। योग पर अनेक ग्रंथ हैं। उक्त ग्रंथों का अध्ययन कर योगाभ्यास की सही तकनीक समझ सकते हैं। योग में प्रशिक्षण लेना बेहद जरूरी है क्योंकि यदि व्यायाम सही ढंग से नहीं किया जाता है तो समस्या बढ़ सकती है। यदि समुचित प्रशिक्षण के बिना योग किया जाता है तो यही योग हानिकारक भी हो सकता है।

## रोजगार की संभावनाएं

वर्तमान में भारत में 30 से ज्यादा कॉलेजों में योग विषय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। किसी भी क्षेत्र के स्नातक योग से संबंधित पाठ्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर ये पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, अथवा स्नातकोत्तर डिप्लोमा स्तर का एक वर्ष का पाठ्यक्रम भी कराया जाता है। यहां यह भी जानना आवश्यक है कि कॉलेजों के अलावा देशभर में कई योग अध्ययन केंद्र भी हैं। योग पाठ्यक्रम में निम्नलिखित विषय शामिल हैं- शरीर रचना, दर्शन, ध्यान, व्यायाम तथा योग और ध्यान का सिद्धांत व नियम। व्यावहारिक पक्ष में योगासन, सूर्य नमस्कार तथा प्राणायाम जैसे विभिन्न आसन दिखाए जाते हैं।

# फोटोग्राफी में ध्यान दें बारीकियों पर

फैशन और वाइल्ट लाइफ फोटोग्राफी में रुचि रखने वाले युवा इसे अपना पेशन मानते हैं। इस फील्ड में क्रिएटीविटी, टेक्निक, ट्रेनिंग, हार्डवर्क, ग्लैमर, एडवेंचर सब कुछ है। सही ट्रेनिंग और गाइडेंस से इस फील्ड में कैरियर बनाने का स्कोप बढ़ गया है। कई डिग्री होल्डर फोटोग्राफर्स भी फैशन और वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी की बारीकियां सीख रहे हैं। कैरियर संभावनाएं- फैशन इंडस्ट्रीज, कार्पोरेट और इंडस्ट्रीयल सेक्टर के विकसित होने से इस फील्ड में संभावनाएं बढ़ गई हैं। फैशन इंडस्ट्री के फलने-फूलने के साथ ही फैशन फोटोग्राफी में ग्लैमर जुड़ चुका है। आज हर कंपनी अपने प्रोडक्ट के साथ कैलेंडर, मैगजीन, विज्ञापन ब्रोशर प्रकाशित करती है। इनमें आकर्षक और स्टाइलिश फोटो की खास भूमिका



होती है। इन सबके लिए फैशन फोटोग्राफर की बहुत जरूरत है। तकनीकी रूप से सक्षम होने पर इस क्षेत्र में भविष्य बहुत उज्जवल है। शैक्षणिक योग्यता- फोटोग्राफी के लिए कम से कम ग्रेजुएशन होना जरूरी है। देशभर में कई इंस्टीट्यूट फोटोग्राफी में डिग्री या सर्टीफिकेट कोर्स करवाते हैं। एक सक्सेसफुल फोटोग्राफर बनने के लिए डीप स्टडी और अच्छे विजन का होना जरूरी है। अहमदाबाद, मुंबई, दिल्ली, औरंगाबाद जैसे शहरों में संस्थानों द्वारा फोटोग्राफी का विधिवत प्रशिक्षण दिया जाता है। इन संस्थानों में दो-तीन वर्षों के डिग्री कोर्स एवं ट्रेनिंग दी जाती है।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# कर्मचारी निर्धारित समयावधि में लोगों के काम को पूरा करें : उपायुक्त



Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि तहसील कार्यालय में पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ लोगों के कार्य करना सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने आज सेक्टर-12 स्थित तहसील का औचक निरिक्षण किया। उपायुक्त ने अधिकारिओं को निर्देश दिए कि तहसील सहित अन्य कार्यालयों में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी-कर्मचारी सिस्टम व अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करते हुए अपना कार्य पूरी निष्ठा, पारदर्शिता व ईमानदारी से करते हुए लोगों को निर्धारित समय सीमा में सेवाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए और न ही किसी नागरिक को परेशानी आने दी जाए। अगर किसी अधिकारी और कर्मचारी की शिकायत सामने आई तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने समीक्षा करके संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने बारीकी से संपूर्ण जमाबंदी, इंतकाल व अन्य प्रक्रिया की जांच की और जानकारी ली। उन्होंने टोकन काउंटर सहित अन्य काउंटर पर जाकर कर्मचारियों तथा वहा उपस्थित आमजन से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली और बेहतर कार्यप्रणाली के लिए उनसे सुझाव भी मांगे। उन्होंने अधिकारिओं/कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समयावधि में बैठकर लोगों के कार्यों को तुरंत पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। किसी भी नागरिक को परेशानी और दिक्कत नहीं आने चाहिए।

# कावड़ यात्रा को लेकर उपायुक्त ने की अधिकारियों के साथ बैठक

Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहाकि कावड़ यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर-2 दिल्ली मथुरा रोड और बाईपास रोड पर उचित वयवस्था करें। उन्होंने बैठक कक्ष में कावड़ यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहाकि जिला में 22 जुलाई से 02 अगस्त तक होने वाली कांवड़ यात्रा के सकुशल संपन्न होने के लिए कांवड़ शिविर में उचित लाइट का प्रबंध, साफ़-सफाई, शिवरों को सेनेटाइज्ड तथा सीसीटीवी का भी प्रबंध हो। रोड पर खम्बों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाए। कावड़ियो के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए चिन्हित स्थानों पर एम्बुलेंस की भी व्यवस्था हो। चिन्हित जगहों पर जहा सड़क में जलभराव होते हो वहां जलभराव को रोकने के उचित प्रबंध किये जाए।

उपायुक्त ने कहा कि आगरा कैनाल और बाईपास रोड से कांवड़ियों का आवागमन ज्यादा होता है, इसलिए संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में उस सड़क की मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, जिससे कांवड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। कावड़ियों के निकलने वाले रास्ते पर कोई डंपिंग यार्ड होतो उसकी साफ़ सफाई




कराई जाए। रास्ते में जहां भी बिजली की तारे नीचे लटक रही हो उनकी ठीक व्यवस्था करें। जिन रास्तों पर बिजली की तारे ज्यादा नीचे हो उन रूटों को बंद किया जाए। कावड़ियों के निर्धारित रास्ते में कोई मीट की दूकान होतो उसको तुरंत बंद करवाया जाए। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहाकि कांवड़ियों के कारण ट्रैफिक व्यवस्था पर असर पड़ता है। इस दौरान ट्रैफिक को सामान्य बनाए रखने के लिए भी अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त ने संबंधित थाना प्रबंधकों को भी निर्देश दिए कि जहां ट्रैफिक ज्यादा तेज हो वहां बैरिकेड लगाए जाएं। निर्धारित मार्गो पर कावड़ियों के अलावा आमजन के वाहनों के आवागमन को न जाने दे।

बैठक में एडीसी डॉ. आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद् सतबीर मान, डीसीपी ट्रैफिक उषा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, एमसीएफ ज्वाइंट कमिश्नर बल्लभगढ़ करण भदौरिया, सीटीएम अंकित कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# हर व्यक्ति अपनी मां को समर्पित करते हुए एक पौधा जरुर लगाये-विधायक



Faridabad/Alive News

तिगांव विधानसभा क्षेत्र से विधायक राजेश नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान को चलाया है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हरियाणा प्रदेश में इस अभियान के तहत करीब लाखों पौधे लगवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जो भी नागरिक यह वृक्ष लगाएंगे, वे अपनी माता की स्मृति को तो हमेशा याद रखेंगे ही, यह धरती मां के लिए भी एक अनुपम सेवा होगी। आज के समय में बढ़ते हुए आधुनिकीकरण एवं औद्योगिकीकरण के कारण पर्यावरण की सुरक्षा करना एक गंभीर समस्या बन गई है। इसलिए जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए लोगों को व्यक्तिगत रूप से शामिल करने व अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित करना अति आवश्यक है। विधायक राजेश नागर ने शुक्रवार को फरीदाबाद स्थित माता अमृतानंदमयी हस्पताल के प्रांगण में ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान के तहत आयोजित विशाल पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। इस अवसर पर रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. महेश त्रिखा, अमृता हॉस्पिटल से स्वामी स्वामी एकनाथ, सीएमओ डॉ. विनय गुप्ता, आरटीएन. नीरज भूटानी, पूजा जैन, अनीता जैन, मुनीश मदान, योगेश गुप्ता सहित एफएमडीए, वन विभाग के अधिकारियों सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एनआईटी विधायक ने केन्द्रीय राज्य मंत्री पर लगाए गम्भीर आरोप

Faridabad/Alive News

विधायक नीरज शर्मा ने पत्रकारो से बातचीत करते हुए बताया कि एनआईटी विधानसभा में लगभग 4 करोड रू के विकास कार्यो के वर्क आर्डर हुए पडे है लेकिन केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जब तक उद्घाटन नही हो जाता तब तक कार्य शुरू ना किया जाए। विधायक का कहना था कि उनके द्धारा 28 करोड़ के एस्टीमेंट बनवाए गए थे जिनमें से लगभग 14 करोड के कार्य हो चुके है और 4 करोड़ रू के और कार्य जिसमें नंगला पार्ट-2 हा हा काली मदिर से हरपाल की कोठी तक नाले निर्माण का काम हो, राजीव कालोनी प्रेरणा पाकेट में गलियों के निर्माण का काम, नंगला इन्कलेव में गलियों का निर्माण का काम हो, रतिराम मार्ग



पर नाले एंव गलियों के निर्माण का काम हो, आरा मशीन रोड पर सीवर लाईन डालने का काम हो यह सब काम पास होकर ठेकेदार को अलाट कर दिए गए है लेकिन औच्छी रजनीति के चलते केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर काम नही होने दे रहे है। उनका कहना था कि इतना ही नही कृष्णपाल गुर्जर ने नगर निगम के अधिकारियों को निदेश दे रखे है कि एनआईटी विधानसभा के कोई कार्य नही किए जाए।

# शिक्षा मंत्री ने पार्क मार्केट की इंटरलॉकिंग टाइल लगने के कार्य का किया शुभारंभ

Faridabad/Alive News

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले दस वर्षों में जिला में अनेकों विकास कार्य आमजन की सुवधाओं के लिए किये है और कई और विकास कार्य प्रगति पर है। हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने आज ब्लॉक-बी गली नंबर 6-7, ब्लॉक-ई एसजीएम नगर और एनएच तीन स्तिथ पार्क मार्केट में इंटरलॉकिंग टाइल लगने के कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि लगभग 27 लाख रूपये की अनुमानित राशि की लागत से लगने वाली इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। हरियाणा की शिक्षा मन्त्री सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मजबूत नेतृत्व ने पूरे देश में प्रगति के मार्ग को प्रशस्त किया है और प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में राष्ट नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में बड़खल विधानसभा में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि मोदी ने कहा था कि मेरी सरकार आमजन को समर्पित है। अगर



देशहित में कोई योजना बनती है तो कोई जाति धर्म देखकर नहीं बनती बल्कि सबका साथ सबका विकास की निति से बनती है। पहले की जिला फरीदाबाद की स्थिति और आज की स्थिति में कितना अंतर है यह सब आप देख रहे हैं।

इस अवसर पर सतेंद्र पांडे, कपिल शर्मा, हरीश गोला, नितेश भड़ाना, विक्रम रावत, मोहित मल्होत्रा, प्रेम आहूजा, संजय महेंद्रू, आशु सेठी, ओमप्रकाश ढींगरा, राजकुमार, घनश्याम, सुरेश सेठी, राजू, सुलेख, संजीव आहूजा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हरियाणा महिला आयोग द्वारा साइबर सुरक्षा के विषय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

Faridabad/Alive News

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया की अध्यक्षता में आज सोमवार एनआईटी स्थित अरावली गोल्फ क्लब में साइबर सुरक्षा के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने शिरकत कर उपस्थित लोगों को संबोधित भी किया।

उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम एक राष्ट्रीय जन जागरूकता प्रयास है जिसका उद्देश्य साइबर खतरों की समझ को बढ़ाना और आमजन को ऑनलाइन अधिक सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाना है। साइबर सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और हम सभी को इसमें अपनी भूमिका निभानी है।

राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि साइबर सुरक्षा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि स्मार्टफोन, कंप्यूटर और इंटरनेट अब आधुनिक जीवन का इतना बुनियादी हिस्सा बन गए हैं कि यह कल्पना करना मुश्किल है कि हम उनके बिना कैसे काम करेंगे। ऑनलाइन बैंकिंग




और शॉपिंग से लेकर ईमेल और सोशल मीडिया तक, ऐसे कदम उठाना पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है जिससे साइबर अपराधियों को हमारे खातों, डेटा और डिवाइस पर कब्ज़ा करने से रोका जा सके। अच्छी साइबर सुरक्षा का मतलब है कि आपके परिवार की व्यक्तिगत जानकारी गलत हाथों में पड़ने की संभावना कम है। इसलिए, आपके उपकरणों की सुरक्षा करने वाले सुरक्षा उपायों को लागू करना महत्वपूर्ण है। खुद को या अपने परिवार को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि आप समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि आप इन साइबर अपराधियों के चंगुल में न फंसें। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, भाजपा नेता नीरा तोमर, जिला फरीदाबाद के विभिन्न कॉलेजों की छात्राएं एवं एनजीओ के प्रतिनिधियों सहित हरियाणा राज्य महिला आयोग के कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# हरियाणा के स्थायी निवासी को दिया जाएगा निशुल्क ई-रिक्शा प्रशिक्षण



Faridabad/Alive News

पायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा केवल हरियाणा की गरीबी रेखा से नीचे (बी.पी.एल.) या जिस परिवार की वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र में केवल 1.80 लाख रुपये या इससे कम है उस परिवार की स्थायी निवासी लड़कियों और महिलाओं के लिए फरीदाबाद में 10 दिन का ई- रिक्शा प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण महिलाओं को निशुल्क प्रदान किया जायेगा। इच्छुक पात्र (महिला) उम्मीदवारों को 22 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन तथा ऑफलाइन ई-मेल- hwdc-faridabad@gmail.com या दस्ती तौर पर सम्बन्धित जिला कार्यालय में आमंत्रित किए जाएंगे। निर्धारित तिथि 22 जुलाई 2024 के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं होंगे।

**प्रशिक्षण के लिए योग्यता**-प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पात्र उम्मीदवारों को हरियाणा राज्य की मूल निवासी होना अनिवार्य है तथा उसके आयु 18-45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पात्र महिला कम से कम 8वीं पास होनी चाहिए, साथ ही उच्चतर शैक्षणिक योग्यता को वरीयता दी जाएगी। हरियाणा महिला विकास निगम के जिला प्रबंधक देशराज ने बताया कि प्रशिक्षण लेने के लिए महिला के पास वैध लर्नर लाइसेंस होना चाहिए। उसकी दृष्टि अच्छी होनी चाहिए तथा उससे रंग दृष्टिहीनता न हो।

# अधिकारी मंझावली पुल और तिगांव रोड का निर्माण कार्य जल्द पूरा करें-विधायक

Faridabad/Alive News

जिला परिषद के चेयरमैन विजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति, साफ़-सफाई, सोलर लाइट, वाटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण सुनिश्चित करें। वहीं विधायक राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं को समयानुसार सम्बंधित विभागों के अधिकारी पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मंझावली पुल, तिगांव रोड का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने पर जोर दिया।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान की मौजूदगी में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिला फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बारिकी से एक-एक करके बिन्दुवार जानकारी के साथ की गई।

विधायक राजेश नगर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी जिला परिषद फरीदाबाद के निर्वाचित सदस्य गण ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन के अधिकारी भी उनसे तालमेल करके विकास कार्यों एवं परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाएं। विधायक राजेश नागर ने बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्बाध रूप से जिला परिषद के सदस्यों के क्षेत्र में विकास कामों का बेहतर क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें।




अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी ठेकेदार काम में ढील बरत रहा है उसका टेंडर रद करके किसी और को दिया जाए तथा आगे से प्रतिष्टित ठेकेदारों को ही टेंडर दिया जाए। उन्होंने उपस्थित

बैठक में बीडीपीओ फरीदाबाद दीपिका, बीडीपीओ बल्लभगढ़ पूजा शर्मा, सभी पार्षद गण सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिकायतों का समाधान समय पर न करने वाले अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्यवाही-अतिरिक्त उपायुक्त

Faridabad/Alive News

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहाकि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक जन शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें, इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने शनिवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में समाधान प्रकोष्ठ के संबंध में समीक्षा बैठक की। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने 'समाधान प्रकोष्ठ' नामक पहल की है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि शिविर में आई शिकायतों को लंबित न रखा जाए। शिकायतों का निवारण तुरंत प्रभाव से किया जाए, जिसकी रिपोर्ट नियमित रूप से उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने विस्तार से विभाग अनुसार शिकायतों पर चर्चा की। संबंधित



अधिकारियों से शिकायतों के लंबित रहने का कारण पूछते हुए तुरंत निपटान के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार समाधान शिविरों के प्रति गंभीर है और सभी अधिकारी प्रतिदिन बैठक में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, डीसीपी जसलीन कौर, एसडीएम त्रिलोकचंद, एसडीएम अमित मान, एसडीएम शिखा आंतिल, एसीपी एनआईटी राजीव कुमार, एसीपी बल्लभगढ़ विनोद कुमार, नगराधीश अंकित, तहसीलदार बड़खल नेहा सहारन, तहसीलदार बल्लभगढ़ भूमिका लांबा, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआरओ बिजेंद्र राणा, डीएसडबल्यूओ सरफराज खान सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

# संजय कॉलोनी में एनआईटी विधायक ने किया दयाशंकर गिरी रोड का उद्घाटन

Faridabad/Alive News

एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने शनिवार को दयाशंकर गिरी रोड का उद्घाटन किया। उन्होंने जनता को यह स्पष्ट करते हुए कहा है कि हमने जो वादे किए उनको पूरा करने में कोई कोताही नहीं बरती गई। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि इस कार्य को करवाने में निवर्तमान पार्षद भाई जयवीर खटाना एव संजय कॉलोनी की जनता का अहम योगदान रहा है। निर्वतमान पार्षद जयवीर खटाना का कहना था कि से संजय कॉलोनी से सोहना रोड को जाने वाली यह मुख्य रोड है जिसपर हमेशा जल भराव की समस्या रहती थी और लोगो की काफी समय स इस सड़क के पुनः



निर्माण की मांग थी। अब विधायक जी के सहयोग से इस सड़क पर नाला बनाने का कार्य पहले से प्रगति पर है ओर आज सिवर लाइन डालने का कार्य शुरू करवा दिया गया है उसके बाद सड़क को आरएमसी का बनाया जाएगा, जिसके लोगो को काफी लाभ होगा। विधायक नीरज शर्मा ने बताया कि इस सड़क पर लगभग 24 लाख की लागत से सीवर लाइन ओर लगभग 80 लाख की लागत से आरमसी सड़क व नाले का निर्माण करवाया जाएगा।

# हरियाणा की शिक्षा मंत्री ने महिला और विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

Faridabad/Alive News

महान शिक्षाविद, समाजसेवी, महाऋषि दयानंद के अनन्य भक्त और महाऋषि दयानंद शिक्षा संस्थान के कार्यक्रम का शुभारंभ महिला महाविद्यालय, फरीदाबाद के तत्वाधान में हवन द्वारा हुआ। तत्पश्चात बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतिगों ने सब का मनमोह लिया। परीक्षा में अपने उतकृष्ट प्रदर्शन से उच्च अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। आर्य समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए माता राजकरनी अरोड़ा, माता किरण भाटिया, माता निर्मल भाटिया, माता संतोष मदान, माता कौशल्या देवी, माता किरण गुप्ता, माता प्रेमलता गुप्ता, माता शांति देवी, माता विमल सचदेवा, माता यज्ञानंद, मरणोपरांत माता प्रेम खट्टर के परिवार, मास्टर नवरतन, मास्टर केशव, सुली कशिश, सुश्री सिंद्ध को स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने स्व. के. एल. महता के आर्य समाज और शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए उनके प्रयासों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में आनंद माहता की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आमंत्रित विशेष अतिथि के रूप में पूर्व केबिनेट मंत्री ए. सी चौधरी की उपस्थित रही। आगं केंद्रीय सभा, नगर निगम क्षेत्र के अध्यक्ष और गुरुकुल इंद्रप्रस्थ के आचार्य ऋषिपाल ने जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए संस्थान के सामाजिक योगदान की सराहना की। इस कार्यक्रम में देशबंधु आर्य, योगेंद्र फोर, कर्मचंद शास्त्री, वसु मित्र सत्यार्थी,




विकास भाटिया, संजय खट्टर आर्य, लाल जी, एस.पी अरोड़ा, विक्रम अरोड़ा, संजय सेतिया, कुलभूषण सखुआ, डॉ अनीता कांत, शुभ मेहता, नीलम कालिया और के. एल मेहता दयानंद के विभिन्न स्कूलों, महिला महाविद्यालय के विद्यार्थी, प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं शिक्षिकायें, बड़ी संख्या में विभिन्न आर्य समाज के प्रतिनिधि तथा समाज के अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे।

# शिव पब्लिक स्कूल में पुलिस ने छात्रों को नशा के दुष्परिणाम को लेकर किया जागरूक

Faridabad/Alive News

थाना सेक्टर 58 प्रभारी ने अपनी टीम के साथ शिव पब्लिक स्कूल राजीव कॉलोनी में छात्राओं को नशा के दुष्परिणाम, साइबर फ्रॉड व महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सेक्टर 58 की टीम ने बताया कि नशे की बुरी लत से हमारे स्वास्थ के साथ साथ धन की हानि होती है। नशे से हजारों लाखों घर बर्बाद हो चुके है। नौजवान बच्चे शौक शौक में नशे की बुरी लत को पाल लेते हैं। बाद में नशे की पूर्ति के लिए क्राइम का सहारा लेते हैं जिसमें नौजवान चोरी, स्नैचिंग, लूट तथा अवैध हथियार के साथ वारदातों को अंजाम देते हैं जिसके कारण उनकी हंसती खेलती जिंदगी बर्बाद हो जाती है। साइबर फ्रॉड से बचाव- अगर किसी सरकारी विभाग से कॉल आए तो, सरकारी नम्बर से सम्पर्क करके जानकारी ले, किसी विदेशी नम्बर से कॉल आए तो नजरअंदाज करे। व्हाट्सएप पर अनजान नम्बर से विडियो कॉल/कॉल आने पर नजरअंदाज करें। किसी के बहकावे में ना आए क्योकि यूट्यूब चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करने पर पैसे नही मिलते और ना ही रिचार्ज फ्री होते है। इस तरह के मेसेज भेजने वाले नम्बर को ब्लैक लिस्ट में डालें और 1930 पर उनकी रिपोर्टिंग करें। महिला विरुद्ध अपराध- छात्र-छात्राओं डायल 112 ऐप के बारे में जागरूक करते हुए स्कूल में पढ़ रहे छात्रओं को जागरूक करते हुए विद्यार्थियों बताया कि अगर कोई भी व्यक्ति उन्हें गलत तरीके से छूने की कोशिश करता है तो चुप रहकर




इसे सहन करने की कोशिश ना करें क्योंकि यह आगे चलकर उनके शोषण का कारण बन सकता है। इसलिए इसके विरुद्ध एकजुट होकर लड़ाई लड़ें ताकि समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इसलिए इसके विरुद्ध एकजुट होकर लड़ाई लड़ें ताकि समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। अगर कोई व्यक्ति किसी का शोषण करता है तो तुरंत परिजनों व पुलिस को डायल 112 पर सूचित करे।

# Editorial

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# संविधान हत्या दिवस की आवश्यकता क्यों?

मृत्युंजय दीक्षित

कुछ लोग संविधान हत्या दिवस नामकरण का विरोध कर रहे हैं कि यह नाम उचित नहीं है जबकि यह नाम पूरी तरह से सही भी है और एकदम सटीक भी क्योंकि कांग्रेस लगातार संविधान की हत्या ही करती आ रही है। 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या के विवादित ढांचे के टूट जाने के बाद भाजपा शासित चार राज्यों की चुनी हुई सरकार को बिना कारण बर्खास्त कर दिया गया था। शिवसेना नेता संजय राऊत तो दो कदम आगे निकलकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी पर ही आरोप लगा रहे हैं कि वह भी आपातकाल लगा सकते थे। संजय राऊत यह बात भूल गए हैं कि यह अटल जी ही हैं जिन्होंने गठबंधन राजनीति में भी शुचिता की पराकाष्ठा स्थापित की और किसी भी प्रकार का गलत गठबंधन नहीं किया, अपितु अपनी सरकार के एक वोट से गिरने पर सीधे इस्तीफा देने राष्ट्रपति भवन चले गये थे।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने एक झूठा नैरैटिव व्यापक स्तर पर चलाया था कि अगर केंद्र में नरेन्द्र मोदी इस बार 400 सीटों के साथ सरकार बनाने में सफल हो जाते हैं तो संविधान बदल दिया जाएगा तथा भविष्य में फिर कोई चुनाव नहीं होगा। इस झूठ ने चुनाव को प्रभावित किया और भाजपा अकेले पूर्ण बहुमत नहीं ला पाई। चुनाव के बाद संसद के प्रथम सत्र में इंडी गठबंधन के नेता संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते दिखाई दिए। संविधान की सुरक्षा को लेकर देश में तीखी राजनीतिक बहस चल रही है। राहुल गांधी, अखिलेश यादव और शशि थरूर आदि ने संविधान के इसी पॉकेट साइज संस्करण को हाथ में लेकर शपथ ली। विपक्ष का इरादा आगामी विधानसभा चुनाव में भी संविधान की रक्षा करने का नैरेटिव चलाने का है, क्योंकि अब उसे लग रहा है कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र की रक्षा के झूठे नैरेटिव के सहारे ही भाजपा का विजय रथ रोका जा सकता है। संविधान की रक्षा के नाम पर दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों आदि को भाजपा से दूर किया जा सकता है।

इस वर्ष देश को कांग्रेस द्वारा आपातकाल के अंधेरे में झोंकने के भी पचास वर्ष हो रहे हैं। संविधान के पॉकेट साइज संस्करण को लहराते लोगों को वास्तविकता का स्मरण कराते हुए संसद के प्रथम संक्षिप्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री मोदी ने आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सहित संपूर्ण विपक्ष को आईना दिखा दिया। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में आपातकाल को सबसे बड़ा काला अध्याय बताया था। आपातकाल कांग्रेस व उसके सहयोगियों की एक दुखती रग है। लोकसभा अध्यक्ष आपातकाल की भर्त्सना का प्रस्ताव लाए और सदन में दो मिनट का मौन रखा।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की राजनीति के सबसे काले अध्याय आपातकाल से वर्तमान और भारी पीढ़ियों को अवगत कराने के लिए अब केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेते हुए इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है। यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय है, क्योंकि जन सामान्य जिसने आपातकाल का दौर नहीं देखा उसे पता होना चाहिए कि संविधान बदलना और उससे खिलवाड़ करना वास्तव में क्या होता है, जो कांग्रेस ने आज से पचास साल पहले किया था।

संविधान हत्या दिवस की अधिसूचना आने के बाद अब हर वर्ष




25 जून को कांग्रेस के काले कारनामे जनता को याद दिलाए जायेंगे स्वाभाविक है इससे कांग्रेस और इंडी गठबंधन असहज है और अनापशनाप बयानबाजी कर रहा है। प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे गुट के संजय राऊत तक सभी बहुत ही विकृत बयान दे रहे हैं। इनका कहना है कि जिस घटना को 50 वर्ष हो चुके हैं भाजपा उसे क्यों याद रखना चाहती है? इनका तर्क माने तो फिर स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस भी नहीं मनाना चाहिए क्योंकि उसके तो पचहत्तर वर्ष बीत गए हैं? कुतर्क कांग्रेस का चरित्र बन गया है।

वास्तविकता यह है कि 25 जून हर उस व्यक्ति और परिवार के घाव पर मरहम लगाने और स्मरण करने का दिन है जो इंदिरा गांधी की सत्ता लोलुपता के लिए लगाए गए आपातकाल की क्रूरता का पीड़ित है। इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए जिस तरह संविधान का गला घोंटा था वह संविधान की हत्या के रूप में ही याद किया जा सकता है। उस दौरान देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पूरी तरह से छीन लिया गया था। लाखों लोगों को बिना कारण जेल भेज दिया गया था। जेल में लोगों पर क्रूर अमानवीय अत्याचार किए गए थे। लाखों परिवारों को आपातकाल में अथाह दुःख सहन करना पड़ा था। इस दौरान सत्तारूढ़ कांग्रेस के नेताओं ने भयंकर भ्रष्टाचार किया और देश की संपत्ति को अंग्रेजों और मुगल आक्रमणकारियों की तरह लूटी गई। चाहे फिल्म और संगीत जगत रहा हो या समाचार जगत या फिर राजनीति कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा था जहां आपातकाल के अत्याचार न पहुंचे हों। डर और कुंठा के उस माहौल को क्यों भूल जाना चाहिए? देश को पता चलना चाहिए कि आपातकाल और तानाशाह क्या होता है जिससे कोई भी व्यक्ति कभी भी इंदिरा गांधी जैसी हरकत दोबारा न कर सके। जो सबसे जघन्य अपराध संविधान के साथ हुआ वह था उसकी आत्मा की हत्या करके उसकी प्रस्तावना में पंथ निरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़ा जाना, यह तुष्टीकरण का सबसे घृणित उदाहरण है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हिटलर कहने वाली कांग्रेस की रग-रग में तानाशाही भरी है। एक समय था जब कांग्रेस समाज के हर वर्ग को अपनी इच्छा के अनुरूप ही नियंत्रित करती थी फिर वह चाहे कार्यपालिका हो, न्यायपालिका या फिर मीडिया और मनोरंजन जगत। राज्यों में गैरकांग्रेसी सरकारों को ताश के पत्तों के घर की तरह गिरा दिया जाता था। कांग्रेस ने केवल 25 जून को ही संविधान की हत्या नहीं की अपितु कई अवसरों पर संविधान का गला घोंटा। गांधी परिवार ने कई बार देश की न्यायपालिका के आदेशों को खारिज करवाया जिसमें शाहबानो प्रकरण की चर्चा अभी भी हो रही है। कांग्रेस के आपातकाल में सबसे अधिक संविधान संशोधन किए गए थे और जमकर मुस्लिम तुष्टिकरण का खेल भी खेला गया।

राहुल गांधी अपने पूर्वजों की राह पर चलते हुए वर्तमान समय में भी तानाशाही रवैया अपना रहे हैं और देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं। अठारहवीं लोकसभा के के प्रथम सत्र में देश के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री को बोलने से रोकने के लिए गजब का हंगामा किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वयं सांसदों को वेल में जाकर हल्ला मचाने को बाध्य किया। ये किसी भी स्थिति में स्वस्थ लोकतंत्र का परिचायक नहीं है और कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता दिखता है।

कुछ लोग संविधान हत्या दिवस नामकरण का विरोध कर रहे हैं कि यह नाम उचित नहीं है जबकि यह नाम पूरी तरह से सही भी है और एकदम सटीक भी क्योंकि कांग्रेस लगातार संविधान की हत्या ही करती आ रही है। 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या के विवादित ढांचे के टूट जाने के बाद भाजपा शासित चार राज्यों की चुनी हुई सरकार को बिना कारण बर्खास्त कर दिया गया था। शिवसेना नेता संजय राऊत तो दो कदम आगे निकलकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल विहारी वाजपेयी पर ही आरोप लगा रहे हैं कि वह भी आपातकाल लगा सकते थे। संजय राऊत यह बात भूल गए हैं कि यह अटल जी ही हैं जिन्होंने गठबंधन राजनीति में भी शुचिता की पराकाष्ठा स्थापित की और किसी भी प्रकार का गलत गठबंधन नहीं किया, अपितु अपनी सरकार के एक वोट से गिरने पर सीधे इस्तीफा देने राष्ट्रपति भवन चले गये थे। केंद्र सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित करके एक तीर से कई निशाने साधे हैं। इससे जहां एक और कांग्रेस असहज हुई है वहीं जो लोग केंद्र सरकार को बहुत कमजोर समझ रहे थे वो भी सकते में हैं साथ ही आपातकाल के बाद जन्मी पीढ़ी इसके विषय में जानने को उत्सुक दिख रही है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## संपादकीय

### थोक महंगाई में बढ़त

खुदरा महंगाईके बाद अब थोक महंगाई ने भी आम लोगों को तगड़ा झटका दिया है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08 फीसद पर पहुंच गई थी जो चार महीने का उच्चतम स्तर है। अब थोक महंगाई ने भी लगातार चौथे महीने बढ़त दिखाई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैसग खनिज तेल तथा अन्य विर्निमित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धिरही। गौरतलब है कि थोक मूल्य सूचकांक (ड़ब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई मई में 2.61 फीसद के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 फीसद नीचे रही थी। फरवरी, 2023 में यह 3.85 फीसद थी। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जून में 10.86 फीसद बढ़ी जबकि मई माह में यह 9.82 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 फीसद रही जो मई माह में



32.42 फीसद थी। प्याज की महंगाई दर 66.37 फीसद रही जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 फीसद रही। दालों में भी 21.64 फीसद की बढ़त दर्ज की गई। फलों, अनाज, दूध आदि अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में भी बढ़त का रुझान रहा। दरअसल, जून माह में थोक दामों में बढ़ोतरी व्यापक रही। ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े। बेशक, जुलाईमाह में कुछराहत मिलने के अनुमान हैं। अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई माह में थोक महंगाई में दो फीसद तक नरमी आने की उम्मीद अर्थशास्त्री जतला रहे हैं। अलबत्ता, नरमी की संभावना को कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता से झटका लग सकता है। जुलाई माह में कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता के चलते मांग-आपूर्ति के मद्देनजर मासिक आधार पर कच्चे तेल में वृद्धि का रुझान देखने को मिला तो थोक महंगाईपर दबाव बढ़ सकता है। बेशक, थोक महंगाई में बढ़त का रुझान केंद्रीय बैंक को उतना चिंता में नहीं ड़ालता जितना खुदरा महंगाई का रुळ्झान। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। लेकिन यह भी सच है कि थोक दामों का असर भी खुदरा महंगाई पर कुछ समय बाद दिखलाई पड़ने लगता है। फिर, धारणा से भी निश्चित ही आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैंग जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, कर संग्रह आदि आर्थिक संकेतक मजबूत हैंग जिससे दामों के सीजनल दबावों से पार पाने में मदद मिलेगी।

## चिंतन-मनन

### सुख के स्वभाव में डूबो


लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है।

दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं।

और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है। हमारे व्यवहार से दूसरों को दुख मिलता है, क्योंकि हमारे भीतर कड़वाहट है। हम लाख कहें हम प्रेम करते हैं, लेकिन प्रेम के नाम पर भी हम दूसरों के जीवन में नरक निर्मित करते हैं। पति-पत्नियों को देखो, मां-बाप को देखो; बेटे-बच्चों को देखो- सब एक-दूसरे की फांसी लगाए हुए है। ऐसा है। क्यों? और सभी कहते हैं कि हम सुख को खोजते हैं।

मेरे पास रोज लोग आते हैं, जो कहते हैं- हम सुख चाहते हैं। अगर तुम सुख चाहते हो तो कोई भी बाधा नहीं है; सुख तो लुट रहा है। सुख तो चारों तरफ मौजूद है। गंगा सामने बहती है और गंगा के लिए तो चाहे दो कदम भी उठाना पड़े, सुख तो उससे भी करीब है। सुख तो तुम्हारा स्वभाव है। डूबो इस स्वभाव में। जिन्होंने भी कभी आनंद पाया है, उन्होंने एक बात निरंतर दोहराई है कि आनंद तुम्हारा जन्मसिद्ध अधिकार है। तुम जिस दिन तय कर लोगे कि आनंदित होना है, उसी क्षण आनंदित हो जाओगे। फिर एक पल की भी देरी नहीं है। देरी का कोई कारण नहीं है।

# बजट का हलुवा और हलुए का बजट



राकेश अचल

भारत अनोखा देश है। यहां सब कुछ अनोखा होता है, जो दुनिया के शायद तमाम देशों में न होता हो। भारत में सरकार बजट पेश करने से पहले एक समारोह करती है जिसे अंग्रेजी में हलुवा सेरेमनी कहते हैं। इस हलुवा समारोह का लिखित इतिहास मुहे तो खोजने पर नहीं मिला, लेकिन जाहिर है कि इसके पीछे भी कांग्रेस ही रही होगी, क्योंकि आज का भारत तो 2014 के बाद का भारत है। आज के भारत में स्टेशनों, शहरों और कानूनों के नाम बदले गए लेकिन गनीमत है कि इस हलुवा सेरेमनी को अभी तक हाथ नहीं लगाया गया है।

भारत में हलुवा और बजट आम आदमी के लिए ही बनाया जाता है। हलुवा सबसे सस्ता और सुलभ मिष्ठान भी है। गांवों से लेकर शहरों तक लोकप्रिय है। अमीर-गरीब सभी इस हलुए को पसंद करते हैं। शायद अंग्रेज भी करते हों। हलुवे की लोकप्रियता कालांतर में इतनी बढ़ी कि इसे मुहावरे का सम्मान मिल गया। किसी भी काम में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार या गोलमाल करने को भी हलुवा करना ही कहा जाता है। हलुवा बनाना और हलुवा करना एक ख़ास कला है, इस्सके कलाकार ज्यादातर सियासत में या नौकरशाही में मिलते हैं। जहाँ ईमानदारी से हलुवा बनता है वो जगह केवल गुरुद्वारा है, लेकिन गुरुद्वारों में बनने वाले हलुवे को हलुवा नहीं कड़ा-प्रसाद कहा जाता है। हलुवा जब प्रसाद बन जाता है तो आत्मा को सुकून देता है, लेकिन जब हलुवा बजट बनता है तो हमेशा मीठा नहीं लगता।

वैसे आपको बता दूँ कि हलुआ एक प्रकार का मिष्ठान्न है जिसकी उत्पत्ति फ़ारस से हुई है और व्यापक रूप से पूरे मध्य पूर्व में फैली हुई है।। हलुवा साधारणतः आटे, सूजी, गहि और शर्करा से बनता है। बाद में आप इसमें बारीक पिसे हुए बीज या बादाम भी मिला सकते हैं आजकल तो हर चीज का हलुवा बननी लगा है जो बजट हलुवे से सर्वथा भिन्न होता है। हलुवा अब हैसियत से बाबस्ता हो गया है। जिसकी जैसी हैसियत उसका वैसा हलुवा। मठ का अलग, मंदिर का अलग और कर्तव्यपथ का लग किस्म का हलुवा होता है। मुंबई वालों का हलुवा तो सबसे अलग होता ही है। भाई अनंत की शादी में किस तरह का हलुवा बना हमें पता नहीं।

इस साल के बजट का हलुवा समारोह नार्थ ब्लाक में सम्पन्न हो गया। आम बजट के हलुवे को किसने बनाया मुझे नहीं पता, किन्तु केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने सबसे पहले ये बजट हलुवा अपने मंत्रालय के अधिकारीयों और कर्मचारियों में तकसीम किया। इसी नार्थ ब्लाक में बजट छपने वाली छपाई मशीन लगी है। ताकि बजट लीक न हो। बजट लीक हो या न हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क इस बात से पड़ता है कि बजट में हलुवे की जो मिठास है वो आम आदमी तक भी पहुँच पायेगी या नहीं? देश में कांग्रेस ने दशकों तक बजट का हलुवा किया। अब एक दशक से भाजपा ये काम कर रही है। इस साल के बजट में तो भाजपा के साथ टीडीपी और जेडीयू को भी हलुवा करने का सौभाग्य मिला है।

कोई भी सरकार हो बजट में हलुवा करना उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। सरकार चाहे केंद्र की हो या राज्य की बजट में हलुवा करती ही है। ये बात और है कि अनेक राज्यों में हलुवा सेरेमनी नहीं होती। निर्मला जी मुझसे चार महीने छोटी हैं लेकिन मुझसे ज्यादा पढ़ी लिखी है। निर्मला जी के पास हलुवा बनाने की कोई उपाधि नहीं है किन्तु उन्होंने भाजपा सरकार के लिए सबसे ज्यादा बार बजट हलुवा तैयार किया। वे राजनीति में पिछले दरवाजे से [ राज्य सभा ] आयीं थीं लेकिन वे पिछले छह -सात मर्तबा बजट हलुवा बनाने का सौभाग्य हासिल कर चुकी हैं। वे भाजपा की सबसे ज्यादा सौभाग्यशाली वित्त मंत्री हैं। उनके हलुवा बनाने पर किसी को संदेह नहीं हैसिवाय उनके अपने पति को। भाजपा सरकार ने बीच में उन्हें हलुवा बनाने की जिम्मेदारी से मुक्त कर देश कोई रक्षा का और बाद में कारपोरेट का काम भी सौंपा लेकिन जब दूसरे वित्त मंत्री ढंग से बजट हलुवा नहीं बना पाए तो उन्हें वापस वित्त मंत्री बनाकर बजट हलुवा बनाने की जिम्मेदारी दे दी गयी।

देश में किसी भी दल की सरकार हो लेकिन आम जनता को उसके बजट हलुवे से तमाम उम्मीदें बनी रहतीं है। इस बार के बजट से देश के सभी वर्गों के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। आगामी बजट को लेकर आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें सरकार की तरफ से थोड़ी राहत दी जाएगी। चूंकि यह बजट आम चुनावों के बाद का पहला बजट है ऐसे में सरकार के लिए भी यह बजट काफी महत्वपूर्ण होने वाला है।

आम चुनाव में सरकार ले-देकर बनी है। इसलिए सरकार पर बजट को मीठा बनाने का दबाव है। सरकार के सामने कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव भी है। इस कारण सरकार द्वारा अपने वोट बैंक को भुनाने के लिए आम बजट में लोगों को खुश को लेकर ऐलान किए जाने की उम्मीद की जा रही है.

नौकरीपेशा यानी सैलरी क्लास से लेकर, महिलाएं,



किसान, टैक्सपेयर्स और युवावर्ग तक के लोग इस बार के बजट में सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे है। उन्हें उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब बजट 2024 - 25 पेश करेंगी तो उनके लिए कोई खास ऐलान किया जा सकता है। बजट 23 जुलाई 2024 को पेश किया जाएगा। तब तक सभी को बजट हलुवे की महक से ही काम चलना पडेगा। बजट हलुवे का स्वाद कैसा होगा ये 23 जुलाई को ही पता चलेगा। भाजपा सरकार का नया बजट स्वाद में चाहे जैसा हो किन्तु उसका रंग तो भगवा ही रहने वाला है। देश का भगवाकरण हो रहा है तो बजट और उसका हलुवा इस रंग से कैसे बच सकता है।

इस समय देश को ऐसे हलुवे की जरूरत है जो किसानोन्मुखी हो। किसान हलुवा पेश होने की फ़िक्र किये बिना अपनी पुरानी मांगों को लेकर छह महीने का राशन - पानी लेकर दिल्ली आने वाले है। इस बार सरकार उन्हें दिल्ली आने से रोक भी नहीं सकती, क्योंकि माननीय अदालत ने किसानों के दिल्ली जाने के अधिकार को संवैधानिक बता दिया है। अब देखना ये है की आने वाले दिनों में केंद्र द्वारा बनाया गया हलुवा फ़ैल तो नहीं जाएगा? भगवान करे कि ऐसा न हो।

# वायरस प्रकोप: लापरवाही बरतने से बचे सरकार



अजय प्रताप तिवारी

भारत में हीटवेव और प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली नहीं कि वायरसों ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कई राज्य वायरस की गिरफ्त में हैं। महाराष्ट्र में जीका वायरस, केरल में दिमाग को खाने वाले अमीबा बुखार, कर्नाटक में डेंगू आफत बन चुका है। बढ़ते जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से दुनिया में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के वायरस पनप रहे हैं, जो मनुष्यों के जीवन के लिए घातक सिद्ध हुए हैं। ये वायरस इतने खतरनाक होते हैं कि पल भर में मनुष्यों के जीवन को लील देते हैं।

जीका वायरस का सबसे ज्यादा खतरा गर्भवती महिलाओं को है, क्योंकि इससे नवजात शिशुओं में माइक्रोसेफैली होने का खतरा होता है, जिससे शिशुओं के मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता। जीका वायरस का वाहक एडिज मच्छर है। यह वायरस इंसानों से पहले रीसस बंदरों में देखा गया था जो अफ्रीकी देश युगांडा के जीका जगलों में पाया गया था। इसका प्रकोप इंसानों पर 2007 से तेज हुआ है। जीका वायरस ने 2015 में पूरे विश्व में तबाही मचाई जिसमें लाखों लोगों की जान चली गइफ़ विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 2016 में वैश्विक आपदा घोषित किया। भारत में पहली बार जीका वायरस का मामला 2016-17 में गुजरात में प्रकाश में आया था। मानव के मस्तिष्क के तंतुओं को नष्ट कर देने वाला अमीबा बुखार मानव जीवन




के लिए बड़ी चुनौती है। इस बुखार का पहला मामला 2016 में केरल में सामने आया था। तब से अब तक यहां आठ मरीज मिले हैं, और सभी की मौत हुई। केंद्र सरकार के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार अब तक केरल से हरियाणा और चंडीगढ़ तक 22 लोगों की मौत हुई हैग जिनमें से छह मौत 2021 के बाद दर्ज की गईं। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुतवज्ञान अनुसंधान संस्थान के अनुसार, 2019 तक देश में इस बीमारी के 17 मामले सामने आए लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद तमाम तरह के नये संक्रमणों में उछाल देखने को मिला है।

पिछले कुछ वर्षों में मंकीपॉक्स, इबोला, निपाह वायरस, कोविड-19, जीका वायरस लगातार पैर पसार रहे हैं। ये संक्रमण इतनी तेजी से फैलते हैं कि देखते ही देखते पूरे शहर को संक्रमित कर देते हैं। जीका वायरस एडीज मच्छर से फैलने वाला घातक वायरस है। एडिज एजिप्टी डेंगू और चिकनगुनिया का वाहक भी है। जीका वायरस यौन संबंध से भी फैलता हैग मां से भ्रूण में प्रवेश कर जाता है जो पेट में पल रहे बच्चे के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर देता है। जीका वायरस भविष्य में कोविड-19 से भी भयानक रूप ले सकता है। यह मनुष्यों के लिए ही घातक नहीं है, बल्कि भावी नस्ल को भी मानसिक रूप से कमजोर करेगा। विभिन्न प्रकार के संक्रमण इंसानों को आतथक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बनाते हैं। देश में तेजी से फैलता संक्रमण न केवल स्वास्थ्य चिंता का विषय है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी पटरी से उतार देता है। पर्यटन एवं उद्योग के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित करता है, आयात-निर्यात पर भी गहरा प्रभाव ड़ालता है। संक्रमण के चलते लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याएं बनी रहने से कार्यबल में गिरावट आती है जिसका प्रभाव उत्पादन क्षमता पर पड़ता हैग काम का दबाव बढ़ता है। सामाजिक दूरियां बढ़ती हैंग जिसका असर कोविड-19 के समय भी देखने को मिला था। संक्रमण समय से नहीं रोका नहीं गया तो मानव सभ्यता को नष्ट कर ड़ालेगा। जलवायु परिवर्तन और प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप से संक्रमण का प्रभाव पशु-पक्षियों में भी देखने को मिल रहा है।

भारत में इस वक्त में बारिश का मौसम है। इसलिए सबसे ज्यादा खतरे की बात है। जगह-जगह जल-भराव की समस्या से एडिज मच्छर पनपते हैं। गांवों के तालाबों, नालियों और गड्ढों में तब्दील जमीनों में साफ पानी का भराव होता है जिससे एडिज मच्छर पनपने की गुंजाइश बनती है, इससे गांवों में जीका वायरस फैलने का खतरा है। भारत में जीका वायरस या नये वायरसों के निदान की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, यदि है भी तो बहुत सीमित। बढ़ता संक्रमण रोकने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी नीति-निर्माण आवश्यक है। जीका वायरस के निदान हेतु बाहर से आने वाले यात्रियों की गहन जांच की जाए और उनका डाटा तैयार किया जाना चाहिए ताकि शहर या गांव में किसी भी प्रकार के वायरस का पता लगने पर उन व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके जो बाहर से आए हैं। राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर संक्रमण निवारण केंद्र बनाने की जरूरत है। त्वरित जांच टीम बनाना जरूरी है। जागरूकता अभियान और शिक्षा के माध्यम से शहरों और गांवों में लोगों को इसके बारे में जानकारी देनी चाहिए। गांव, कस्बों में स्वास्थ्य मित्र नियुक्त करके महीने में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहना चाहिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण और दवा का छिड़काव समय-समय पर किया जाना चाहिए ताकि मच्छरों का प्रकोप बढ़ न पाए। मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए जीएम मच्छरों को तैयार करना चाहिए। इंसानों के साथ ही पशु-पक्षियों में पनप रहे संक्रमण को रोकने का भी उपाय करना चाहिए।

# DAV School-49 students planted trees

Faridabad/Alive News

DAV Public School, Sector-49, celebrated the culmination of Ved Prachar Saptah with an inspiring Tree Plantation Drive 'Ek Ped Maa Ke Naam' on July 27, 2024. The event was honoured by the presence of the distinguished guests, Golden Liones Neelam Khanna, President, District A-2, Ms. Lalita Rakhyan, Founder of Golden Liones, Madhu Omchery, President of DAV Public School, Sector-49 and Sunil Bhardwaj, President of Vriksharopan Ek Pahal (Green Brigade).

The day commenced with a sacred hawan in the yagyashala, setting a spiritual tone for the celebrations followed by a formal programme in the auditorium. The ceremonial lighting of the lamp was accompanied by a soulful prayer. The Principal of the school, Rajan Gautam



welcomed the guests and commended the efforts of the Liones Club and the Green Brigade in their environmental initiatives. He also inspired the students to actively participate in environmental conservation.

The tiny tots of the Kindergarten wing enchanted the audience with their poetry recital on 'Save Nature, Protect Future,' followed by an insightful speech by Sunil Bhardwaj, who expressed gratitude towards the Principal. A captivating dance performance on the theme of water by the Kindergarten wing further highlighted the significance of natural resources. The Principal, Chairman and several teachers came together to sing 'Hari Hari Vasundhara,' a song celebrating the Earth.

This was followed by a vibrant dance performance by students of classes 1 and 2 on the theme of saving trees.The event concluded with the felicitation and heartfelt thanks from the guests to the Principal of the school for his dedicated efforts. The programme ended with the recital of the Shanti Path after which parents and guests enthusiastically participated in planting nearly 350 plants within the school premises.

This initiative not only marked the successful conclusion of Ved Prachar Saptah but also highlighted the school's commitment in nurturing a greener, healthier environment through 'Ek Ped Maa Ke Naam.'

# Blue Bird Middle School organised "Suman Kala Utsav"



Faridabad/Alive News

Blue Bird Middle School, NIT-5 organised a five day talent search programme"Suman Kala Utsav" named after the honourable Founder Principal Suman Datta.The programme began from 9th July and concluded on 13th of July.The programme included various competitions like Poem recitation,Role enactment, story telling,dance competition etc.Students from both the Junior and Senior wing participated with great enthusiasm and displayed their talents. Principal Kimmi Datta , said"Suman Datta is a bacon of light of our institution.She has always displayed unconditional love, elegance and kind heartedness.Among other talent she is a great music teacher and a very good Orator.This programme is a dedication to celebrate her spirit of generosity and deep appreciation of performing arts " At the last day of the programme Suman Datta thanked all the students and the staff for their love towards her and felicitated the winner by presenting them the appreciation certificates .She wished the students to nurture their creativity and asked them to explore themselves to all the opportunities provided in the school.

# Ideal School Students Agwanpur went on an industrial visita



Faridabad/Alive News

Ideal Public School, Agwanpur Students had visited Banas Dairy nd Amul industry situated at industrial area of Faridabad. There Students were explained how raw milk is collected in big tankers and processed in different ways so that it can be consumed. Students were surprised to see how diffrrent by- products like paneer, dahi, flivoured milk, sweets etc were also prepared at large scale in a very hygienic way.Students along with teachers enjoyed that informative trip

# Blue Bird school organized Science Exhibition



Faridabad/Alive News

Blue Bird Senior Secondary School SGM Nagar held an Arts, Craft, and Science Exhibition. The students' dedication and hard work were clearly visible through their exceptional displays, functional models, and craft exhibits. Suman Datta, the school's Founder Principal, praised the students' efforts and acknowledged the teachers whose effective guidance made such remarkable achievements possible. She also expressed gratitude to the parents for their support and encouragement in motivating the students to undertake such endeavors.

# D.A.V. school -37 organized Annual Appreciation Day

Faridabad/Alive News

D.A.V. Public School, Sector-37, Faridabad organized the Annual Appreciation Day for the students of Middle, Secondary and Senior Secondary segments on 17th July 2024. It was a day to remember the efforts of the brilliant students who proved their worth through their hard work and dedication.

The Principal of the school, Deepti Jagota along with Dr. Palki Agarwal – Chief Guest, Sumita Dey, Supervisory Head of Senior Secondary and Secondary Segment and Ashu Pandita Kaul, Supervisory Head of Middle Segment felicitated the proud achievers by presenting them with trophies and certificates. Students of classes VI to IX, who secured more than 90% marks in aggregate, were awarded the Academic Excellence Award.

The Top of Tops Award was also given to the achievers of class VIII and the students of Middle Segment were given the Perfect Attendance Award. Students who topped in the subject were given the High Achievement Award and students who scored full 100 marks in class 10th were given the Excellence Award.

Class 11th students were given the Academic Excellence Award for scoring




75 percent or more marks, while students who topped stream wise were awarded and students who topped in the subject were given the High Achievement Award. Class 12th students who brought laurels to the school with their excellent academic talent were honored with trophies and certificates.

# Dynasty International School organized Aavishkaar Exhibition

Faridabad/Alive News

Aavishkaar Exhibition based on various activities created by the students was organized on 13 July in Dynasty International School under the direction of Principal sir, Nitin Verma. In this exhibition, Vice Principal Sujata Sharma saw the amazing skills of the students. She encouraged all the students. This exhibition was quite inspiring and enjoyable with the help and guidance of teachers and cooperation of parents . On this occasion, students displayed their versatile talent in various types of activities in various subjects. Students created their art so beautifully using 'waste material They presented their work of art through material with such beauty that the audience was mesmerized. The various activities displayed by the Sanskrit students and the students



interacting in Sanskrit language were reminiscent of the courtyard of a Gurukul which was wonderful. The activities of the students in Hindi language were excellent. The working models of science were being presented in a live and realistic manner. The exhibitions on History, Geography, Mathematics and English enthralled everyone. Every practical activity displayed by the students in this exhibition was unique, fascinating and very attractive. All the visitors, parents, teachers and other guests praised the exhibition very much.

# Faridabad Model School organised Annual Exhibition

Faridabad/Alive News

Faridabad Model School, Sector- 31 organised Annual Exhibition 2024-25. The occasion was made memorable by the distinguished presence of A.K Malik – Managing Director, FMS Managing Committee, former advisor to the President of Zambia and former commissioner, Cabinet Secretariat, Govt. of India, Rtn. H.S. Malik- Former Chairman, CWC, Govt. of Haryana, Deepika Malik-

Academic Co-ordinator, The Sheffield Pvt. School, Dubai, FMS Academic Director Shashi Bala and FMS Director Principal Mr. Umang Malik.

The exhibition witnessed great enthusiasm and blooming participation from students of diverse classes, who had the unique opportunity of exploring as well as expressing their creative ideas in the form of activities, models and projects. The event gave hands on experience to students, wherein they could translate



the theoretical principles into application in the form of observable phenomena.

The students displayed their creative potential in diverse arenas revolving around the themes of various subjects.

Students were at their innovative best as they designed projects on Global Health Issues, Disc Defragment, Travelogue, ISRO-depicting Chandrayan, Obstacles Detector Spectacle for the Blind, and Destruction & Conservation of Bio Diversity, Export House, ERP Software & Matra Chakra etc.

The exhibition kindled the lamp of inquisitiveness in students due to student's exposure to a wide variety of concepts, principles and their application. On the whole, the Annual Exhibition was a great learning experience for both the students and teachers alike wherein it seemed that the world of knowledge practically came alive, through the blooming projects of our young student innovators.

# समाज की ताकत सबसे बड़ी ताकत होती है : असीम गोयल



Faridabad/Alive News

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता की अगुवाई में उनके सेक्टर-11 स्थित कार्यालय पर महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल का स्वागत किया गया। इस मौके पर दो दर्जन से अधिक अग्रवाल वैश्य संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे तथा उन्होंने भी असीम गोयल के फरीदाबाद आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, विधायक राजेश नागर भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मंच संचालन भाजपा नेता प्रवीन चौधरी ने किया। महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार के वर्ष 2019 से अब तक के कार्यकाल में जितना सम्मान अग्रवाल वैश्य समाज के लोगों को भाजपा ने दिया है, उतना पहले किसी सरकार ने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि समाज की ताकत सबसे बड़ी ताकत होती है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने आए हुए अग्रवाल समाज के लोगों के साथ-साथ अतिथिगणों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भगवान दास गोयल अध्यक्ष वैश्य अग्रवाल समाज बल्लभगढ़, राकेश गुप्ता, राकेश गर्ग, महेश आर्य, आईडी महाजन, कुलदीप अग्रवाल, पवन गुप्ता, सुभाष गोयल, नरेश अग्रवाल, सुमेर मित्तल, मुकेश बंसल, पंकज गर्ग, जयप्रकाश, डीपी जैन, संदीप बंसल, रामकिशोर अग्रवाल, विनोद मित्तल, राधेश्याम बंसल, नीरज मित्तल, अशोक गोयल, नरेश मित्तल, कुलदीप सिंघल, योगेश गोयल, कृष्णचंद अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, डीसी गर्ग, हरीश मंगला, संत गोपाल,भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहनी, मनोज मंगला, शिव वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्य जन मौजूद रहे।

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा अधिकारी संगठन ने नए जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

Faridabad/Alive News

हरियाणा विद्यालय शिक्षा अधिकारी संगठन (हविशा) के संगठन के जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सौरोत के नेतृत्व में नये जिला शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह श्योराण का जिले के राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा पुष्प गुच्छ व शाल उड़ाकर स्वागत किया गया।जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्योराण ने हविशा के द्वारा किए गए स्वागत के लिये बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि हम सब मिलकर जिले की शिक्षण व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करेंगे। उन्होंने सभी अध्यापकों से नियमित परिश्रम के साथ कार्य करने एवं दैनिक डायरी आदि नियमित रिकार्ड रखने की भी सलाह दी। उन्होंने प्रधानाचार्यों से सभी डाक आदि समय पर पूर्ण करते हुए विद्यार्थियों के शैक्षिक कार्य पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए प्रेरित किया। हविशा के जिलाध्यक्ष सतेन्द्र सौरोत ने सभी विद्यालय मुखियाओं की ओर से अच्छे से अच्छा कार्य करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सेक्टर 55 का मॉडल संस्कृति विद्यालय बोर्ड के परीक्षा परिणामों एवं प्रतियोगिता आधारित छात्र वृत्तियों के मामले में गत छह वर्ष से शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत को बधाई दी। इस अवसर पर हविशा के प्रदेश संगठन मंत्री जयप्रकाश, जिला महामंत्री जयप्रकाश वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, पूनम त्रिखा, अंजू शर्मा, सीमा गौतम, राजकुमार बंसल, धीरज सौरोत, संजय यादव, सतीश चंद्र, रमेश रोजरा, राजेन्द्र कुमार, आजाद सिंह कसाना, खंड शिक्षा अधिकारी मनोज मित्तल तथा महेंद्र सिंह व खंड संसाधन अधिकारी डॉ कमल सिंह आदि ने जिला शिक्षा अधिकारी को फरीदाबाद में कार्य ग्रहण करने पर पुष्प गुच्छ व शाल उड़ाकर बधाई देते हुए मिठाई खिलाई। हरियाणा एजुकेटर क्लब के अध्यक्ष रमेश डागर व महामंत्री गौरव पाराशर ने भी नए जिला शिक्षा अधिकारी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

# बल्लभगढ़ में विकास कार्य है प्र्रगति पर : मूलचंद शर्मा

Faridabad/Alive News

हरियाणा के उद्योग वाणिज्य तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने शुक्रवार को बल्लभगढ़ विधानसभा में बल्लबगढ़ वासियों को करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की सौगात दी। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि बल्लबगढ़ विधानसभा के आर्य नगर में 2 करोड़ 50 लाख की लागत से सीवर लाइन डाली जाएगी साथ ही जनता कालोनी में पार्कों का सौंदर्यकरण, दो ट्यूबलों की भी सौगात भी दी। उन्होंने कहा कि चावला कालोनी और भगतसिंह कालोनी में जल्द ही कंक्रीट की सड़क भी बनेगी। बल्लभगढ़ में सभी विकास कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पूरे हो जाएंगे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं को ओर भी बेहतर करने और बल्लभगढ़ को सुंदर शहर बनाने के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम कर रहा हूं। बल्लभगढ़ में पूर्व की सरकारों में सिर्फ लूट खसोट का काम किया जाता था। विपक्षी सीमेंटेड सड़को पर चलते हैं और कहते है की कोई विकास नहीं हुआ। 2014 से पहले बल्लभगढ़ की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में बाप-बेटा तो दूसरी तरफ मां बेटा को सत्ता में देखने की होड़ लगी रहती है।

# फरीदाबाद में होगा राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2024 का शुभारंभ

Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि ज़िला फरीदाबाद में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ 2024 का शुभारंभ 26 जुलाई को सेक्टर-12 स्थित स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में किया जाएगा। जिसका समापन 28 जुलाई को होगा। इस खेल महाकुम्भ के अंतर्गत मेल व फीमेल केटेगरी की ताईकवांडो तथा शूटिंग की प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी। इस खेल महाकुम्भ में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 800 खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस सन्दर्भ में जिला कार्यकारी खेल अधिकारी आशा रानी ने बताया कि प्रतियोगिता में पहले दिन हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, श्रम तथा चुनाव मंत्री मूलचंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए प्रातः 9 बजे खेल महाकुम्भ का शुभारंभ करेंगे। जिला कार्यकारी खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि खेल व अन्य सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतियोगिता की तैयारियों में कोई कमी न रखें। इसके साथ ही सभी बच्चों के ठहरने, खाने व यातायात की सुविधा को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। पुलिस व महिला खिलाड़ियों को ठहराने के लिए अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गई है। साथ ही शौचालयों, कमरों, पेयजल व सुरक्षा की बेहतरीन व्यवस्था का प्रबंध किया गया है। पुलिस विभाग को निर्देशित कर महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है।




जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासक को खान-पान की गुणवत्ता चैक करने के लिए भी निर्देश दे दिए गए हैं। इसके साथ ही शिक्षा विभाग को खिलाड़ियों के ठहराव, मार्चपास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को सुविधा दी जाएगी और प्रत्येक बुनियादी सुविधाओं को ध्यान भी रखा जाएगा। सीएमओ को पर्याप्त एंबुलेंस तैनात करने के निर्देश दिए गये हैं जिसमें दवाएं व चिकित्सक मौजूद रहेंगे।

# आमजन की समस्याओं का समाधान करना ही मेरा कर्तव्य : मूलचंद शर्मा

Faridabad/Alive News

हरियाणा के उद्योग वाणिज्य तथा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा में चल रहे सीवरेज की सफाई के कार्य का को लेकर नगर निगम और एफएमडीए के अधिकारियों के साथ सेक्टर -8 कार्यालय में समीक्षा बैठक की। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि सफाई विभाग द्वारा सफाई के कार्य जारी रखे जाएंगे क्योंकि बरसात के दिन है और शहर में सीवर का गंदा पानी खड़ा न हो सके। लोगों को स्वच्छ वातावरण मुहैया कराते हुए अधिकारियों के स्तर पर गंभीरता से प्रयास करते हुए जलभराव की समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर हाल में सफाई व्यवस्था को और भी बेहतर करें। उन्होंने एफएमडीए के अधिकारियों को कहा कि ड्रेनेज सिस्टम को प्रभावित करने वाले स्थाई या अस्थाई अवरोध को हटाया जाए। ऐसे अवरोध जिनकी वजह से नालियां बंद होती हैं और जल भराव की समस्या पैदा होती है उनको तत्काल हटाया जाए। साथ ही नालियों में कूड़ा डालने वालों से भी सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के निवासियों की समस्याओं को समाधान करना मेरा प्रथम कर्त्तव्य है। उन्होंने दोनों विभागों के संयुक्त सीवर लाइन की सफाई के कार्य की समीक्षा की और जल्द से जल्द विधानसभा की सभी सीवर लाइन को अच्छे तरीके से साफ करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत ना आए इसके लिए सभी



अधिकारी अपने-अपने एरिया में नजर रखें, समस्या आने पर उसका तुरंत निवारण करें। इस अवसर पर भाजपा नेता व समाजसेवी टिपर चंद शर्मा, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता ओपी कर्दम, एफएमडीए के कार्यकारी अभियंता अंकित भारद्वाज सहित दोनों विभागों के एसडीओ और जेई मौजूद रहे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# सर्वोत्तम स्कूल के आर्यन व तरुण ने जीता ब्रॉन्ज मेडल



Faridabad/Alive News

तीन दिवसीय 23वीं राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप 2024-25 में 22 जिले से हजारों खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। फरीदाबाद जिले के नंगला एन्क्लेव पार्ट-2 स्थित सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने ब्रॉन्ज़ मैडल पर कब्जा जमाया है। स्कूल के स्पोर्ट्स इंचार्ज मुकेश यादव ने बताया कि अंडर 12 आयु वर्ग में आर्यन ने ब्रॉन्ज़ मैडल, अंडर 14 आयु वर्ग में तरुण ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमा लिया। फरीदाबाद लौटने पर स्कूल के चेयरमैन शालीन कौशिक व शिक्षकों ने छात्रों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मुकेश यादव बताया कि ये विजेता छात्र आगामी नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# हरियाणा महिला आयोग साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए उठाएगा कदम



Faridabad/Alive News

हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया आज वीरवार को सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल में साइबर सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता के विषय पर आयोजित वर्कशॉप की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों एवं गणमान्य लोगों को संबोधित कर रहीं थीं। कार्यक्रम में डीएवी स्कूल की प्रिंसिपल अनीता गौतम ने हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया का शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।

चेयरपर्सन ने कहा कि साइबर सुरक्षा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि स्मार्टफोन, कंप्यूटर और इंटरनेट अब आधुनिक जीवन का इतना बुनियादी हिस्सा बन गए हैं कि यह कल्पना करना मुश्किल है कि हम उनके बिना कैसे काम करेंगे। ऑनलाइन बैंकिंग और शॉपिंग से लेकर ईमेल और सोशल मीडिया तक, ऐसे कदम उठाना पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है जिससे साइबर अपराधियों को हमारे खातों, डेटा और डिवाइस पर कब्ज़ा करने से रोका जा सके। साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट इन्स्पेक्टर जसबीर सिंह ने वर्कशॉप में छात्र-छात्राओं को विभिन्न ऑनलाइन अपराधों जैसे साइबर बुलिंग, अकाउंट ओपनिंग स्कैम, टेलीग्राम/सोशल मीडिया टास्क कम्पलीट स्कैम, वर्क फ्रॉम होम स्कैम, मिरर ऐप स्कैम, चाइनीज लोन ऐप स्कैम, कस्टम पार्सल स्कैमआदि के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी छात्र-छात्रा या व्यक्ति के साथ कोई साइबर अपराध होता है तो वे तुरंत साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन 1930 पर या https://cybercrime.gov.in/ पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराए तथा नजदीकी साइबर अपराध पुलिस स्टेशन में जाकर पुलिस सहायता प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम के समापन पर चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने इस वर्कशॉप के सफल आयोजन के लिए स्कूल की प्रिंसिपल अनीता गौतम, समस्त स्कूल स्टाफ तथा राज्य महिला आयोग के कर्मचारियों का धन्यवाद किया।

# डॉक्टरों की हड़ताल से मरीजों को नही मिला उपचार, वापस लौटे घर



Faridabad/Alive News

फरीदाबाद के नागरिक अस्पताल में बृहस्पतिवार को हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज की अगुआई में डॉक्टरों ने सुबह 8 बजे से लेकर करीब साढ़े 10 बजे तक अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की। इस दौरान अस्पताल में आपातकालीन, ओपीडी, पोस्टमार्टम और अन्य सभी विभागों में सेवाएं भी प्रभावित रही। ओपीडी बंद होने के कारण अस्पताल में आने वाले मरीजों को उपचार भी नही मिला। उपचार न मिलने के कराण कई मरीजों को वापस घर जाना पड़ा। सभी डॉक्टर ने हड़ताल के माध्यम से सरकार के खिलाफ विरोध जताया। डॉक्टर अपनी मांगो को लेकर कई बार हड़ताल कर चुके हैं, परंतु सरकार की ओर से कोई समाधान नही किया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टरों ने पहले कई बार दो-दो घंटे की हड़ताल करके सरकार के खिलाफ विरोध किया था। विरोध के बाद भी सरकार की ओर से मांगों को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है।

**क्या कहना है मरीजों का**

जवाहर कॉलोनी की निवासी गीता ने बताया कि हड़ताल के कारण आज डॉक्टर ने चेकअप भी नहीं किया जिसकी वजह से उन्हें बिना चेकअप के ही घर जाना पड़ा।

# बीके अस्पताल में मरीजों को रात में नही मिली रही एक्सरे की सुविधा, अस्पताल के दावे फेल



Faridabad/Alive News

फरीदाबाद के एकमात्र नागरिक अस्पताल में पिछ्ले कुछ दिनों से रात के समय एक्सरे की सुविधा बंद है। इस असुविधा के कारण मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकारी अस्पताल में आर्थिक रूप से कमजोर लोग इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं। लेकिन इलाज न मिलने के कारण दलालों के हाथों पड़ कर प्राईवेट अस्पतालों में महंगा इलाज कराने को मजबूर हैं। बी के अस्पताल में रात के समय में एक्सरे की सुविधा बंद होने के कारण मरीज को परेशानी उठानी पड़ती है और सुबह तक इंतजार करना पड़ता है। वहीं, दूसरी तरफ मरीज की हालत गंभीर होने पर उन्हें निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है और रात के समय में निजी अस्पताल मोटा बिल बना देते हैं। बीके अस्पताल में रात में एक्सरे की सुविधा बंद होने के कारण मरीज का उपचार भी समय पर नहीं हो पा रहा है।

**क्या कहना है समाजसेवी और आगंतुक का**

समाजसेवी सतीश चोपड़ा ने बताया कि अस्पताल में वैसे तो 24 घंटे बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने का सरकार और प्रशासन द्वारा दावे किया जा रहा हैं, लेकिन रात को एक्स-रे नही होने से दावो की पोल खुल रही है।

सुनील यादव का कहना है कि सरकारी अस्पताल में प्रशासन की लापरवाही के कारण गरीब लोग इलाज के लिए भटकते रहते है, लेकिन रात के समय एमरजेंसी होने पर मरीज को अस्पताल में नही तो एक्सरे और ना अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिल रही है। दरअसल मजबूरन मरीज को प्राईवेट अस्पताल का रूख करना पड़ रहा है।

# प्रदेश में पिछले साढ़े नौ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हुए बेहतरीन कार्यः शिक्षा मंत्री

Faridabad/Alive News

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किया है। जिससे प्रदेश में शिक्षा का स्तर बढ़ा है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में सरकार विधार्थियों को सुगम और अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रदेश सरकार अपनी लाभकारी योजनाओं के माध्यम से इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने शनिवार को सेक्टर-82 स्थित शिव नाडर स्कूल के सभागार में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति की कॉन्फ्रेंस-सह-प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता तथा तिगांव विधायक राजेश नागर विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में फरीदाबाद के सेक्टर 55 स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रिंसिपल सतेंदर सोरोत ने



विद्यालय के विकास और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका विषय पर जिला के सभी स्चूलों के एसएमसी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया तथा विस्तृत जानकारी दी। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने जिला के टॉपर तथा जी मैन्स, नीट जैसी परीक्षाओं में सफल होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले एसएमसी सदस्यों, प्रिंसिपलों एवं स्टार टीचरों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, शिक्षा विभाग के अतिरिक्त निदेशक हिमांशु चौहान, शिव नाडर स्कूल की डायरेक्टर-प्रिंसिपल अंजू वल, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुनि राम, बीईओ मनोज मित्तल, बीईओ महिंद्र, बीईओ सतीश चौधरी, जिला फरीदाबाद के सभी स्कूलों की एसएमसी सदस्य तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सुरक्षित भविष्य व देश की आर्थिक मजबूती के लिए अपनाएं इलेक्ट्रिक वाहन-कृष्णपाल गुर्जर

Faridabad/Alive News

इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित ई-वाहन जागरूकता रैली को बतौर मुख्यअतिथि हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सुरक्षित भविष्य के लिए ई-वाहन जरूरी है। देश की आर्थिक मजबूती के लिए हमें इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग की ओर तेजी से बढ़ना होगा। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आरगो ईवी स्मार्ट धीमान के विशेष सहयोग से एचएसवीपी के कन्वेंशन हॉल में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति जागरूकता का संदेश देने के लिए एग्जीबिशन कम रोड-शो का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने किया। लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया के समक्ष ग्लोबल वार्मिंग का संकट छाया हुआ है, जिससे निपटने के लिए एकजुट प्रयासों की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने एंड रिन्यूवेबल्स एनर्जी डिपार्टमेंट हरियाणा-हरेडा व आरगो इवी स्मार्ट धीमान की ओर से इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों को जागरूक करने के



अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ग्रीन-क्लीन एनवायरनमेंट के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। अब जरूरी है कि हम पेट्रोल-डीजल के विकल्पों को अपनायें। इसके लिए सरकार ने बेहतरीन योजनाएं चलाई हैं जिनका लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर न्यू लिए आयोजित रैली में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। रोड-शो में इलेक्ट्रिक वाहनों को शामिल किया गया। इस अवसर पर शोभा धीमान, आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ. दिनेश गुप्ता, प्रो. एमपी सिंह, पीओ रविकांत शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति तथा अधिकारीगण मौजूद थे।

# साई धाम मे आयोजित किया गया निःशुल्क डेंटल चेकअप कैंप



Faridabad/Alive News

सेक्टर 86 स्थित साई धाम में मानव रचना डेंटल कॉलेज के तत्वाधान में निशुल्क डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शिरडी साई बाबा स्कूल व शिरडी साई बाबा वोकेशनल सेंटर के बच्चो की निशुल्क जांच की गयी। साई धाम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता ने आयी हुई डॉक्टरों की टीम का धन्यवाद किया। डेंटल कैंप के माध्यम से ना केवल बच्चो कि जाँच कि गयी बल्कि उन्हें जागरूक भी किया गया कि हम किस प्रकार अपने दांतो की सुरक्षा कर सकते है।

# एयरफोर्स के 100 मीटर के दायरे में विकास कार्यो को मिली मंजूरी-विधायक

Faridabad/Alive News

फरीदाबाद के NIT 86 विधायक नीरज शर्मा ने एयरफोर्स डबुआ के ग्रुप कमांडर से लेकर देश के रक्षा मंत्री और सांसद से लेकर मुख्यमंत्री तक को चिठ्ठियां लिखी। एयरफोर्स स्टेशन के इस 100 मीटर दायरे में माननीय हाईकोर्ट ने अनधिकृत निर्माण पर रोक लगाया था ताकि अवैध निर्माण न हो सके।

कुछ अधिकारियों ने इस रोक का हवाला देते हुए इस क्षेत्र में रजिस्ट्रियों पर रोक लगवा दी, यहां सरकारी सुविधाएं पहुंचनी बंद हो गई, गंदगी और प्रदूषण से हालात बद से बदतर होने लगे, सरकारी रिपोर्ट में भी सामने आया कि प्रदूषण की वजह से यहां की हालात बदतर होती जा रही है, अपने जीवन की गाढ़ी कमाई से घर बनाकर रहने वाले यहां के बाशिंदों पर जैसे दुःख का पहाड़ टूट गया, ऐसा लगा जैसे सुनियोजित तरीके से इस क्षेत्र को विकास और



मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित किया गया।

यह मामला विधायक नीरज शर्मा तक पहुंचा। विधायक ने क्षेत्र का मुआयना किया, लोगों से बात की और नियम कानूनों को अच्छे समझकर लग गए युद्धस्तर पर इसे ठीक करने में। विधायक नीरज शर्मा का कहना था कि एयरफोर्स रोड 100 मीटर के दायरे में रजिस्ट्री, म्युटेशन, बिजली के नए मीटर से रोक पहले ही हट चुकी है और आज 100 मीटर में जो कार्य नही हो पाते थे उनसे रोक हट गई है।

हालांकि विधायक नीरज शर्मा का मानना है कि जब नौकरशाह से लेकर नेता तक जनता के लिए अपने दफ्तरों में बैठे हैं, जनता और देश के विकास के लिए ही उन्होंने संविधान की शपथ ली है फिर इतना लंबा संघर्ष क्यों? कुछ बेपरवाह अधिकारियों और सरकारी लचरता का भुगतान जनता ने क्यों भुगता? नीरज शर्मा कहते हैं कि अगर राज्य में कांग्रेस की सरकार होती तो इतना संघर्ष नहीं करना पड़ता। कांग्रेस जमीन से जुड़े रहकर जमीनी मुद्दों पर बात करने वाली जन जन की पार्टी है। यहां न्याय सिर्फ शब्द नहीं सभी का हक है।

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रतिभाओं को सम्मानित करेगी मानव सेवा समिति

मानव सम्मान सेवा समिति

Faridabad/Alive News

मानव सेवा समिति स्वतंत्रता दिवस पर फरीदाबाद जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित करेगी। समिति के महासचिव सुरेंद्र जग्गा व चेयरमैन प्रोजेक्ट संजीव शर्मा ने कहा है कि जिन युवाओं ने 15 अगस्त 23 से 24 जुलाई 24 के बीच में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल व अन्य क्षेत्र में गोल्ड मेडल प्राप्त करके फरीदाबाद का नाम रोशन किया है उनको सम्मानित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व संस्थापक अरुण बजाज ने कहा है कि सम्मान के हकदार पात्र 31 जुलाई तक समिति के कार्यालय मानव भवन सेक्टर 10 में अपने प्रमाण जमा कराएं। चयन समिति द्वारा सेलेक्ट किए गए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्या मंदिर स्कूल सेक्टर 15 ए में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# पुलिस ने डायनेस्टी स्कूल में यातायात नियमों के प्रति छात्रों को किया जागरूक

Faridabad/Alive News

यातायात निरीक्षक, ग्रेटर फरीदाबाद द्वारा डायनेस्टी इंटरनेशनल स्कूल फ़रीदाबाद में 300 से अधिक छात्रों को जागरूक किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए छात्रों को बताया गया कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियम सभी लोगों की सुरक्षा और सुविधा के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। सड़कों पर होने वाले दुर्घटनाओं की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है और इसका सीधा असर हमारे जीवन और समाज पर पड़ता है। यातायात नियमों का पालन करना सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यातायात नियमों का एक महत्वपूर्ण पहलू है सड़क पर सभी वाहनों के लिए संपूर्ण विनियमितता का सुनिश्चय करना। जैसे कि सवारी यात्री को सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिए और वाहन चालक को दिए गए स्पीड लिमिट का पालन करना चाहिए। इसके साथ ही, ट्रैफिक नियमों का पालन करना जैसे कि रेड लाइट पर रुकना, सीधे



जाने का नियमित पालन करना विशेष महत्वपूर्ण है। यात्री और वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक और जानकार बनना चाहिए। बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें स्कूलों में यातायात नियमों के बारे में शिक्षा देना भी जरूरी है। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को एकजुट होकर काम करना चाहिए। नियमों का पालन करते हुए सड़क पर सभी वाहनों को सुरक्षित रखना हमारी सामरिक जिम्मेदारी है। सड़क सुरक्षा के लिए हमें यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, जिससे हम सबको सुरक्षित रख सकें।जागरूकता अभियान के इस अवसर पर यातायात थाना प्रबन्धक ने सड़क दुर्घटना होने पर 112 पर तुरन्त सूचना देने बारे विस्तार से बताया।

# नॉन स्टॉप नहीं, फुल स्टॉप हरियाणा होना चाहिए बीजेपी का नारा- नीरज शर्मा

Faridabad/Alive News

फरीदाबाद एनआईटी से विधायक पंडित नीरज शर्मा का कहना है कि बीजेपी को अपने 'नॉन स्टॉप हरियाणा' के नारे को बदलकर 'फुल स्टॉप हरियाणा' कर लेना चाहिए। क्योंकि इस सरकार ने 10 साल में प्रदेश में निवेश, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन, खिलाड़ियों के सम्मान, फसलों के दाम, शिक्षा व स्वास्थ्य तंत्र विस्तार पर फुल स्टॉप लगाने का काम किया है। बीजेपी सरकार में अगर कुछ नॉन स्टॉप है तो वो बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, नशा और युवाओं का पलायन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश में एक स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, 6 मेडिकल कॉलेज, एम्स और कैंसर इंस्टिट्यूट जैसे बड़े संस्थान बने। साथ ही 641 नए ग्रामीण अस्पताल सीएचसी और पीएचसी बने। लेकिन बीजेपी ने सत्ता में आते ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे इस कार्य पर फुल स्टॉप लगा दिया और प्रदेश



**बीजेपी सरकार में अगर कुछ नॉन स्टॉप है तो वो बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, नशा और युवाओं का पलायन है।**

में कोई भी बड़ा स्वास्थ्य संस्थान नहीं बनाया। नीरज शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान सिर्फ शिक्षा विभाग में एक लाख से ज्यादा और तमाम सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा नौकरियां दी गईं। लेकिन बीजेपी ने कौशल निगम और अग्निवीर जैसी योजनाएं लागू करके प्रदेश की पक्की नौकरियों पर भी फुल स्टॉप लगा दिया। आज हरियाणा में दो लाख से ज्यादा पक्के पद खाली पड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश में 6 नई आईएमटी बनी और मारुति, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस, होंडा, आईओसी, पैनासोनिक, योकोहामा व डेंसो जैसे बड़े उद्योग प्रदेश में स्थापित हुए। लेकिन बीजेपी ने प्रदेश के इस औद्योगिक विकास पर भी फुल स्टॉप लगा दिया और यहां से उद्योग पलायन करने लगे। यहां तक कि फैमिली आईडी के जरिए गरीबों के राशन, बुजुर्गों की पेंशन, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल के जरिए किसानों की एमएसपी और प्रदेश को बदमाशों व गैंगस्टरों की शरणस्थली बनकर बीजेपी ने आम आदमी की जिंदगी पर भी फुल स्टॉप लगाने का काम किया है

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# विजय प्रताप ने बरगद का पेड़ लगाकर की जन्मदिन की शुरूआत



Faridabad/Alive News

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शहर के अलग-अलग कोनों से लोग उनको बधाई देने के लिए आ रहे थे। कोई केक, तो कोई मिठाई एवं बुके लेकर उनको जन्मदिन की शुभकानाएं दे रहे थे। अपने जन्मदिवस के शुभअवसर पर ग्रीन ब्रिगेड वृक्षारोपण संस्था द्वारा सैनिक कॉलोनी, चौपाल पर बरगद का पौधा लगवाकर दिन की शुरूआत की गई। ग्रीन ब्रिगेड टीम द्वारा मिले स्नेह और आशीर्वाद के लिए उन्होंने टीम का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सबको प्रण लेना चाहिए कि अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक पौधा अवश्य लगाएं। पौधों का जीवन में अनंत महत्व है और किसी भी कृत्रिम चीज से इनके महत्व को कम नहीं किया जा सकता। हम अगर स्वच्छ एवं बेहतर श्वांस ले पा रहे हैं तो इन पौधों की वजह से ही। पौधे हमारे लिए जीवनदायिनी हैं और इनकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। इस मौके पर विजय प्रताप सिंह की धर्मपत्नी वेणुका प्रताप खुल्लर, पार्षद राकेश भड़ाना, राजू सहित ग्रीन ब्रिड वृक्षारोपण की तमाम टीम मौजूद रही।इस मौके पर सांसे फाउंडेशन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने भी जन्मदिन के अवसर पर कदम का पौधा विजय प्रताप के हाथों से लगवाया।

## फास्ट ट्रैक, ईकोर्ट और नारी अदालतें मजबूत न्याय प्रणाली का स्वरुप-शील मधुर

Faridabad/Alive News

लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम के अध्यक्ष राजेश खटाना एडवोकेट व् युथ प्रमोटर्स एसोसिएशन अद्वितीय राजपूत एडवोकेट के द्वारा फरीदाबाद के होटल मेगपाई में द्वितीय बेंड सेरेमनी व् वकीलों की समाज में भूमिका पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यकर्मा का मंच संचालन एमपी सिंह शिक्षाविदर्‌ने किया। इस बेंड सेरेमनी व सेमिनार में मुख्यअथिति के रूप में रितु यादव चीफ जुडिशल मजिस्ट्रेट (जज )फरीदाबाद व् शील मधुर हरियाणा पुलिस महानिदेशक विजिलेंस (आईपीएस रिटायर्ड) और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश चेची एसीपी हरियाणा पुलिस ,सना तारिक वीपी मेट्रो हॉस्पिटल ,विकास वर्मा एडवोकेट आन रिकॉर्ड पूर्व अतिरिक्त महाअधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट्और विशेष अतिथि के रूप में अशोक जार्ज ,मुकेश राजपूत एडवोकेट ,संदीप सेठी पूर्व अध्यक्ष टैक्स बार ,रंजनं शर्मा एडवोकेट पूर्व चेयरमैन कंस्यूमर फोरुम,सलीम अहमद एडवोकेट हाई कोर्ट चंडीगढ़ राजेश वशिष्ठ सतेंदर दुग्गल विंग कमांडर ,विपिन अग्गरवाल मौजूद रहे। जज रितु यादव ने कहा कि भारत में न्याय प्रणाली एक मजबूत न्याय प्रणाली का एक अच्छा उदाहरण है, जहाँ लोग जब भी अन्याय का सामना करते हैं, तो वे अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं।

# फरीदाबाद पुलिस ने डाक कावड़ यात्रियों के लिए जारी की एडवाइजरी

Faridabad/Alive News

कांवड़ यात्रा में सम्मलित होने वाले सभी श्रद्धालुओं को सूचित किया जाता है कि22 जुलाई 2024 से 02अगस्त 2024 (महाशिवरात्रि) तक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हैद्ध इस कांवड़ यात्रा के दौरान जिला फ़रीदाबाद में विभिन्न स्थानों पर कांवड़ श्रद्धालुओं का आगमन होगा। डाक कांवड़ यात्रा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की भागीदारी अति आवश्यक है द्ध कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन और क़ानून व्यवस्था को मद्देनज़र रखते हुए सभी कांवड़ श्रद्धालुओं को निम्नलिखित नियमों का अनुसरण करने की सलाह दी जाती है

- डाक कांवड़ यात्रा में शामिल होने जा रहे श्रद्धालु अपने पास भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पहचान पत्र या अन्य वैध पहचान पत्र रखना सुनिश्चित करें
- डाक कांवड़ यात्रा में शामिल होने जा रहे श्रद्धालु, यात्रा के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले वाहन के सम्पूर्ण विवरण की सूचना सम्बंधित पुलिस थाना को देना सुनिश्चित करें
- डाक कांवड़ यात्रा एक धार्मिक परंपरा है इसलिए कोई भी कांवड़ श्रद्धालु यात्रा के दौरान नशीले पदार्थ का सेवन ना करें। यात्रा के दौरान लाठी, डंडे, हॉकी इत्यादि रखना पूर्णत~ वर्जित रहेगा
- सभी डाक कांवड़ श्रद्धालु सुरक्षा के मद्देनजर उपयोग में लाए जाने वाले सिलिंडर इत्यादि की गहनता से जाँच करें



- डाक कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु सड़क मार्ग को अवरुद्ध ना करें ताकि आमजन को असुविधा का सामना ना करना पड़े तथा यातायात का सुगम संचालन बना रहे
- सभी डाक कांवड़ श्रद्धालु यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा कांवड़ यात्रा के लिए प्रयोग किया जाने वाला वाहन किसी भी झगडे-फसाद एवं संदिग्ध गतिविधि में संलिप्त ना हो
- डाक कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ श्रद्धालु यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा प्रयोग किये जाने वाले छ्ध्र की आवाज़ धीमी हो ताकि वाहन चालक का यात्रा के दौरान सड़क मार्ग पर ध्यान केन्द्रित रहे एवं चालक अन्य वाहनों की ध्वनि /हॉर्न सुन सके
- डाक कांवड़ यात्रा में प्रयोग किये जाने वाले DJ की ऊंचाई वाहन की ऊंचाई से अधिक ना हो
- सभी डाक कांवड़ श्रद्धालु यात्रा के दौरान अपने पास प्राथमिक उपचार चिकित्सा किट , अग्निशामक यंत्र तथा पर्याप्त मात्र में चिकित्सा संबंधी ज़रूरी दवाइयों की उचित व्यवस्था रखें
- सभी डाक कांवड़ियों/श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है की आप कांवड़ यात्रा के दौरान सड़क मार्ग पर एक पंक्ति में चलें ताकि यातायात का संचालन प्रभावित ना हो

? किसी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में 112 या पुलिस कन्ट्रोल रूम हेल्पलाइन 0129-2267201 या नजदीकी पुलिस कर्मचारी को सूचना दें

# गरीब, मध्यम वर्ग एवं आमजन के हित में है मोदी सरकार का बजट-धर्मवीर भड़ाना



Faridabad/Alive News

भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने के बाद पेश हुए बजट की सराहना करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि देश का बजट गरीब मध्यम वर्ग एवं आम जनता के हितों को देखते हुए पेश किया गया है,उन्होंने बताया कि बजट के अंदर छोटी से छोटी चीजों को लेकर के बड़े से बड़े इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट पर टैक्स को घटाकर मोदी सरकार ने भारत की जनता को एक बेहतरीन तोहफा दिया है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में किसान ,मजदूर, महिलाओं एवं युवाओं और उद्योगपतियों का दिल को खुश कर दिया है जिसके लिए निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री की पूरी टीम बधाई की पात्र है , उन्होंने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग को तरक्की देगा और यह बजट देश को समृद्धि और उन्नति की राह पर लेकर जाएगा। धर्मवीर भड़ाना ने यह भी बताया कि यह बजट भारत को विश्व में तीसरी शक्ति के रूप में बनाने में मदद करेगा उन्होंने यह भी कहा है कि इसमें खाने-पीने की चीजों से लेकर के बिजली के उपकरण ,तार, मोबाइल, टीवी, लैपटॉप, सोना, चांदी समेत सभी आवश्यक चीजों पर टैक्स की दर को घटाकर उन्हें सस्ता करने का कार्य किया गया है।

# गावों में चलाया गया विशेष सफाई अभियान



Faridabad/Alive News

उपायुक्त विक्रम सिंह के दिशा निर्देशन में बुधवार को ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव में कूड़े के ढेरों को हटाया गया। इस दौरान स्कूलों, आंगनवाडी केन्द्रों, स्वयं सहायता समूह, आशा वर्करों, एवं स्वच्छता ग्राहियों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन एवं तालाबों की साफ सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। रैली के द्वारा लोगों को शौचालय का प्रयोग एवं रखरखाव कूडे करकट का घरेलू व सामुदायिक स्तर पर उचित प्रबंधन तथा गंदे पानी के उचित निपटान करने के तौर तरीकों पर भी जानकारी दी गयी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी अभिभावक मीटिंग आयोजित कर उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सीईओ जिला परिषद् सतबीर मान ने बताया कि कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से कार्यान्वित करने के लिए क्लस्टर स्तर पर ग्राम पंचायतों में कल्सटर अनुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किए गये है।

**नियुक्त किये गए नोडल अधिकारी**-चेयरमैन जिला परिषद विजय लोहिया द्वारा ग्राम पंचायत खंदावली तथा चेयरमैन ब्लॉक समिति तिगांव पूनम द्वारा ग्राम पंचायत मंझावली से विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की गयी। इस दौरान जिले के सभी गांवो में सफाई अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# विजय प्रताप ने बरगद का पेड़ लगाकर की जन्मदिन की शुरूआत

Faridabad/Alive News

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह के जन्मदिन के अवसर पर सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। शहर के अलग-अलग कोनों से लोग उनको बधाई देने के लिए आ रहे थे। कोई केक, तो कोई मिठाई एवं बुके लेकर उनको जन्मदिन की शुभकानाएं दे रहे थे। अपने जन्मदिवस के शुभअवसर पर ग्रीन ब्रिगेड वृक्षारोपण संस्था द्वारा सैनिक कॉलोनी, चौपाल पर बरगद का पौधा लगवाकर दिन की शुरूआत की गई। ग्रीन ब्रिगेड टीम द्वारा मिले स्नेह और आशीर्वाद के लिए उन्होंने टीम का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम सबको प्रण लेना चाहिए कि अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक पौधा अवश्य लगाएं। पौधों का जीवन में अनंत महत्व है और किसी भी कृत्रिम



चीज से इनके महत्व को कम नहीं किया जा सकता। हम अगर स्वच्छ एवं बेहतर श्वांस ले पा रहे हैं तो इन पौधों की वजह से ही। पौधे हमारे लिए जीवनदायिनी हैं और इनकी सुरक्षा करना हमारा कर्तव्य है। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत जरूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। इस मौके पर विजय प्रताप सिंह की धर्मपत्नी वेणुका प्रताप खुल्लर, पार्षद राकेश भड़ाना, राजू सहित ग्रीन ब्रिड वृक्षारोपण की तमाम टीम मौजूद रही।इस मौके पर सांसे फाउंडेशन के अध्यक्ष जसवंत पवार ने भी जन्मदिन के अवसर पर कदम का पौधा विजय प्रताप के हाथों से लगवाया।

# लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम व यूथ प्रमोटर्स एसो. द्वारा सेमीनार का आयोजन

Faridabad/Alive News

लॉयर्स सोशल जस्टिस फोरम के अध्यक्ष राजेश खटाना एडवोकेट व यूथ प्रमोटर्स एसोसिएशन अद्वितीय राजपूत एडवोकेट के द्वारा फरीदाबाद के होटल मेगपाई में द्वितीय बेंड सेरेमनी व वकीलों की समाज में भूमिका पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रो. एम.पी.सिंह शिक्षाविद् ने किया। इस बेंड सेरेमनी व सेमिनार में मुख्यअतिथि के रूप में रितु यादव चीफ जुडिशल मजिस्ट्रेट (जज) फरीदाबाद व शील मधुर पूर्व हरियाणा पुलिस महानिदेशक विजिलेंस और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश चेची एसीपी हरियाणा पुलिस, सना तारिक वीपी मेट्रो हॉस्पिटल, विकास वर्मा एडवोकेट आन रिकॉर्ड पूर्व अतिरिक्त महाअधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट और विशेष अतिथि के रूप में अशोक जार्ज, मुकेश राजपूत एडवोकेट, संदीप सेठी पूर्व अध्यक्ष टैक्स बार,




रंजन शर्मा एडवोकेट पूर्व चेयरमैन कंस्यूमर फोरुम, सलीम अहमद एडवोकेट हाई कोर्ट चंडीगढ़, राजेश वशिष्ठ, सतेंदर दुग्गल विंग कमांडर, विपिन अग्रवाल मौजूद रहे। जज रितु यादव ने कहा कि भारत में न्याय प्रणाली एक मजबूत न्याय प्रणाली का एक अच्छा उदाहरण है, जहां लोग जब भी अन्याय का सामना करते हैं, तो वे अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं। यहां अच्छी तरह से परिभाषित अदालतें और कानून हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि जब भी उनके अधिकारों को खतरा हो, तो पीड़ित उनके पास जाएं।

शील मधुर ने कहा कि कानूनी पेशे को समय की बदलती मांग के अनुरूप विकसित करके महत्व प्राप्त होता है। पोक्सो कोर्ट, फास्ट ट्रैक कोर्ट, ई कोर्ट और गांव स्तर पर नारी अदालतों का गठन समय की बदलती जरूरतों के साथ न्याय प्रणाली को मजबूत बनाता है।

एसीपी राजेश चेची ने कहा कि यह कानूनी पेशा ही है जो सुनिश्चित करता है कि भ्रष्ट लोगों पर कठोर कानून के तहत मामला दर्ज किया जाए ताकि समाज में एक कड़ा संदेश जाए और दूसरे लोग भी भ्रष्ट आचरण से दूर रहें। सभी सम्मानित अतिथियों का प्रीति चंचल, संदीप खटाना, बी पी खटाना, दिनेश तोमर, अंजू, करिश्मा हर्षना, मोना, शबनम, इंदिरा कोठारी, सुंदर, महिमा आशीष अरोड़ा, नीतीश, हैप्पी, जितेंद्र खटाना, सरदार देवेंदर सिंह ने फूलों के बुक्के देकर आदर सम्मान किया।

# विधायक राजेश नागर ने 28 में से 22 समस्याएं मौके पर निपटाई

Faridabad/Alive News

विधायक राजेश नागर ने आज अपने निवास पर बिजली निगम अधिकारियों एवं जनता के साथ समस्याओं को सुना मौके पर आई कल 28 समस्याओं में से 22 का निदान कर दिया गया बाकी के लिए भी विधायक ने कड़े निर्देश दिए। नागर ने बिजली निगम अधिकारियों से कहा कि वह जनता की समस्याओं को गंभीरता से लें और बिजली की आपूर्ति को दुरुस्त रखें।

नागर ने कहा कि बिजली की आपूर्ति में फाल्ट हो जाना आम बात है लेकिन फाल्ट सही नहीं करना गंभीर बात है इस पर एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों के बिजली के नए कनेक्शन मीटरों को बदलने और मीटर का स्थानांतरण सहित पोलों का स्थानांतरण आदि ऐसी अनेक समस्याएं हैं जो बिजली निगम को प्राथमिकता से करनी चाहिए। इसके लिए जनता को मेरे पास तक क्यों आना पड़ रहा है जनता को सुविधा देने के लिए हम



और आप मौजूद हैं ऐसे में जनसुनवाई क्यों करनी पड़ रही है। नागर ने कहा कि आप यदि लोगों को सुनकर उनकी समस्याओं का निदान कर देते तो लोगों को आज इतना परेशान नहीं होना पड़ता। नागर ने कहा कि सरकार जनता की सेवाओं को लेकर बहुत गंभीर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनता की समस्याओं को बढ़ाने वाले या उनको नजरअंदाज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रखी है। नायाब सैनी का स्पष्ट कहना है कि जनता की भलाई का काम करने के लिए हम आए हैं और इस काम के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। नागर ने कहा कि सरकार के पास विकास के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है लेकिन धनराशि का उपयोग तभी है जब तय प्रोजेक्ट तय समय में पूरा हो जाए। उन्होंने जनता से भी कहा कि आपकी कोई भी समस्या हो आप अधिकारियों से संपर्क करें। यदि काम नहीं होते हैं तो मुझसे कभी भी मिल सकते हैं। वह 24 घंटे आपके लिए उपलब्ध हैं। विधायक नागर ने कहा कि मैं उम्मीद करुंगा कि मुझे ऐसी जनसुनवाई ना करनी पड़े। अधिकारी समय रहते सुधर जाएं अन्यथा अपने खिलाफ कार्रवाई के लिए भी तैयार रहें। इस अवसर पर फरीदाबाद एक्शन पंकज पवार, एसडीओ बदरौला अंकित अग्रवाल, एसडीओ खेड़ी कला सुनील चावला, एसडीओ तिलपत जवाहर सिंह, एसडीओ इस्माइलपुर धर्मवीर, एसडीओ मथुरा रोड नरेश यादव, जेई सराय सुरेश प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



Cont. : 9891639100, 0129-4070270
T.R. GENERATORS
DEALS IN
5KVA TO 300 KVA
All Types Diesel Engine Repairing
Hire, Sale & Purchase
Works : Jeewan Nagar, Part-II, Near Baba Balaknath Dharm Kanta, Sohna Road, Faridabad
Email : tilak011@gmail.com. www.trgenerators.in

Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448